

जिले मे पौधा तुंहर दुआर योजना की हुई शुरूआत 02



एक कोरोनावारियर्स ने दूसरे कोरोनावारियर्स की जांच की 07



दैनिक छत्तीसगढ़ वॉच
स्थानीय हितों के लिए

वर्ष : 14 – रायपुर संस्करण | रायपुर, रविवार 28 जून 2020 | ◆ अंक–334 ◆ पृष्ठ – 8 | ◆ मूल्य: 1 रुपए

## महामारी से मरने वालों की संख्या 13 पहुंच गई

# छत्तीसगढ़ में 57 नये कोरोना संक्रमित मिले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में शनिवार को 57 नये कोरोना संक्रमित मरीजों की पहचान की गई है, वहीं पहले से संक्रमित 52 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज भी किया गया है। इस तरह नये मरीजों के मिलने के बाद राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 2602 पहुंच गई है, जिनमें आज डिस्चार्ज हुए मरीजों को मिलकर कुल 1937 डिस्चार्ज भी हो चुके है। कोरोना से अब तक 13 मौतें भी हुई है। वर्तमान में सक्रिय मरीजों की संख्या 652 है, जिनका उपचार जारी है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज शाम को जारी बुलेटिन के अनुसार राज्य में अब तक कोरोना वायरस के संभावित 152874 लोगों का सैंपल लेकर जांच किया गया है, जिनमें 2602 संक्रमित मरीज मिले है। इन मरीजों में अब तक कुल 1937 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके है, वहीं 13 लोगों की जानें भी गई है। इस तरह वर्तमान में 652 सक्रिय मरीजों का ईलाज जारी है। आज मिले 57 नये मरीजों में क्रमशः राजनांदगांव 21, बलरामपुर 10, जांजगीर 07, दुर्ग 05, रायगढ़ 04, महासमुंद व बलौदाबाजार से 03–03, रायपुर 02, बिलासपुर व कवर्धा से 01–01 मरीज मिला है। छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस से एक और मौत हो गई, जिसके बाद राज्य में इस महामारी से मरने वालों की संख्या 13 पहुंच गई है। हालांकि अभी तक जितनी मौतें हुई है, उनमें 09 मरीज ऐसे थे जो पूर्व से कोई अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार शाम तक राज्य में 89 संक्रमित मरीजों की पहचान की गई थी, वहीं इसी दिन 156 मरीजों को स्वस्थ होने के बाद डिस्चार्ज भी किया गया। जिसके बाद राज्य में सक्रिय मरीजों की संख्या घटकर 647 पर आ गई है। इस तरह राज्य में अब तक कोरोना संक्रमितों की बात करें तो अब तक कुल 2545 संक्रमित मरीज मिले है, जिनमें से 1885 मरीज स्वस्थ होकर घर लौट चुके है। कल एक मरीज की मौत जांजगीर–चांपा जिले में हुई, जिसके बाद मौतों का आकड़ा 13 पहुंच गया है। बताया जा रहा है कि उक्त मरीज भी लीवर के रोग से ग्रसित था। इससे पूर्व 12 मौतों में भी 8 मरीज कोरोना के अलावा पूर्व से कई अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रसित थे। इस तरह सिर्फ कोरोना वायरस बीमारी से 04 मरीज की ही मौत हुई है। इस कन्टेनमेंट जोन में प्रवेश अथवा निकास हेतु केवल 01 द्वार होगा। जिसमें तैनात पुलिस अधिकारी, फिजिकल डिस्टेंसिग सुनिश्चित करते हुए मेडिकल इमरजेंसी और आवश्यक वस्तुओं की विवरण एक रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा।

## अब थाने भी कोरोना से संक्रमित हुए

दुर्ग। छत्तीसगढ़ में कोविड 19 के बढ़ते प्रभाव के कारण पुलिस कर्मी लगातार संक्रमित हो रहे है । संक्रमित पुलिस स्टेशनों की बात की जाए तो प्रदेश में लगभग 5 पुलिस थानों को प्रशासन ने सील कर दिया है। आज दुर्ग शहर के सबसे महत्वपूर्ण पुलिस थानों मेसे एक मोहन नगर को भी प्रशासन ने सील किया है । मिली जानकारी के अनुसार यहां कार्यरत 2 आरक्षक और एक प्रधान आरक्षक कोरोना संक्रमित हुए हैं। मोहन नगर थाना प्रभारी ने सभी स्थाफ को कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सोशल डिस्टेंसी तथा तमाम नियमो का पॉलन करने के लिए कहा है। ईधर मामले की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग के आला अधिकारियों की टीम के साथ प्रशासन अमला ने आसपास के इलाकों को सील कर दिया।दुर्ग जिले के नेवई थाना भी कुछ दिन पहले सील हो चुका है। मोहन नगर दुर्ग जिले का दूसरा ऐसा थाना हैं जिसे कोरोना संक्रमण के कारणों से सील किया गया है।

### चंद्रशेखर नगर, लोधीपारा में मिला कोरोना पॉजिटिव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी गाईड लाईन अनुसार जिला रायपुर में नगर पालिक निगम,रायपुर अंन्तर्गत चंद्रशेखर नगर, लोधीपारा,थाना पंडरी में 01 नया कोरोना पॉजिटिव केस पाये जाने के फलस्वरुप उक्त क्षेत्र को कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर ने पश्चिम में श्रीमती अनिता साहू का मकान गली, उत्तर में चैतराम यादव का मकान,ट्रांसफार्मर के पास, पूर्व में जय हिन्दे चैक गली और दक्षिण में सुनील रोड लाईन्स दुकान के सामने को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है।

## दोबारा कांग्रेस अध्यक्ष बनेंगे राहुल गांधी!



**नईदिल्ली।** राहुल गांधी की कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर वापसी होने की संभावना है। माना जा रहा है कि वह अपनी मां सोनिया गांधी को 135 साल पुरानी पार्टी की जिम्मेदारियों से मुक्त कर सकते हैं। हालांकि उनके सामने जो पहली समस्या है वो है मानव संसाधन। पिछले साल मई में लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद उन्होंने हार की जिम्मेदारी लेते हुए अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

बता दें कि बीते 24 जून को कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा राहुल गांधी को फिर से पार्टी अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपने की पैरवी करने के बाद पार्टी के भीतर एक बार फिर यह मांग जोर पकड़ने लगी है। कांग्रेस के पूर्व सांसद हुसैन दलवई और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सीवी चंद रेड्डी ने बुधवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी से आग्रह किया कि राहुल गांधी को अध्यक्ष की जिम्मेदारी जल्द सौंपी जाए। महाराष्ट्र कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दलवई ने कहा कि मौजूदा समय में राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा नेता नहीं है जो देश को प्रभावित करने वाले मुद्दों को इतने जोरदार ढंग से उठा रहा हो। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा, यह सिर्फ मेरी भावना नहीं है, बल्कि युवाओं और सभी कार्यकर्ताओं की भावना है कि राहुल जी को फिर से पार्टी की कमान संभालनी चाहिए। जानकारी के अनुसार राहुल गांधी के इस्तीफा देने के बाद से उनकी कोर टीम में शामिल रहे नेताओं ने या तो अपना पद या फिर पार्टी को छोड़ दिया है। हरियाणा में अशोक तंवर, त्रिपुरा में प्रद्योत देब बर्मन और झारखंड में अजॉय कुमार जैसे राज्य इकाई प्रमुखों ने कांग्रेस पार्टी का साथ छोड़ दिया है। वहीं 2015 में दिल्ली प्रमुख नियुक्त किए गए अजय माकन ने 2019 चुनावों से पहले पद छोड़ दिया था।

### जब चीन ने हमारी जमीन नहीं हड़पी तो 20 जवान कैसे हुए शहीदः सोनिया

भारत और चीन के बीच गलवां घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद से विपक्ष लगातार सरकार पर निशाना साध रहा है। इसी बीच शुक्रवार को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कहा कि देश जानना चाहता है कि क्या चीन ने लद्दाख में हमारी जमीन पर कब्जा नहीं किया है, जैसा कि प्रधानमंत्री ने दावा किया है तो फिर हमारे 20 जवान कैसे शहीद हो गए। सोनिया गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री का कहना है कि चीन ने घुसपैठ नहीं की लेकिन वहीं दूसरी तरफ रक्षा और विदेश मंत्रालय लगातार बातचीत करता रहा। आज जब हम अपने शहीदों को श्रद्धांजलि दे रहे हैं, तो भारत जानना चाहता है कि हमारे 20 सैनिक गलवां घाटी में कैसे और क्यों शहीद हुए। सोनिया से पहले राहुल गांधी भी सरकार से पूछते रहे हैं कि क्या चीन ने हमारी जमीन पर कब्जा किया है। कांग्रेस ने शुक्रवार को दावा किया कि लद्दाख के पेंगोंग त्सो और गलवां घाटी के बाद चीन के सैनिक डेपसांग इलाके में भी भारतीय सीमा के अंदर घुस आए हैं और आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चीन की घुसपैठ से लगातार इनकार कर रहे हैं।

## भारत–चीन सीमा से लगे लद्दाख में तानी मिसाईलों

अपनी तरफ आती मिसाइल उड़ाने में कौन ज्यादा काबिल, भारत की लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल के पास चीन की ऐक्टिविटीज तेज हो गई हैं। न सिर्फ उसके सैनिक बॉर्डर से सटे इलाकों में बड़ी संख्या में मौजूद हैं, बल्कि चीनी एयरफोर्स भी के बेहद करीब है। बॉर्डर के उसपार अपने इलाके में चीन ने कई बेस तैयार किए हैं जहां से उसके लड़ाकू विमान रोज उड़ान भर रहे हैं। चीन की ओर से खतरे को देखते हुए भारत का एयर डिफेंस सिस्टम अलर्ट कर दिया गया है। दुश्मन ने अगर भारतीय एयरस्पेस में घुसने की कोशिश की या फिर मिसाइल से हमला किया तो उसे माकूल जवाब मिलेगा। भारत का एयर डिफेंस सिस्म दुनिया में बेस्ट न सही, मगर इतना मजबूत तो है कि अपनी सरहद की ओर आने वाली हर मिसाइल को उड़ा सके। आइए जानते हैं दोनों देशों के एयर डिफेंस सिस्टम के बारे में।

## मरवाही विस उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने नियुक्त किए तीन प्रभारी

**बिलासपुर–रायपुर।** मरवाही विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस ने अपनी तैयारियां तेज करते हुए विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन प्रभारियों की नियुक्ति कर दी है। इनमें डा. विनय जायसवाल, मोहित केरकेट्टा और अरूण सिंह चौहान का नाम शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रमुख मोहन मरकाम ने मरवाही विधानसभा उपचुनाव के लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र का तीन भागों में बांटकर तीनों ही क्षेत्रों की जिम्मेदारी तीन अलग–अलग हाथों में दे दिया है। पीसीसी सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस की ओर से उपचुनाव के लिए डॉक्टर विनय जायसवाल (विधायक), मोहित केरकेट्टा (विधायक) और अरूण सिंह चौहान (अध्यक्ष जिला पंचायत) तीनों को जिम्मेदारी दी है। ये तीनों नेता अपने–अपने प्रभार वाले ब्लॉकों में कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर काम करेंगे। संकेत है कि मरवाही में मध्यप्रदेश के विधानसभा उपचुनावों के साथ चुनाव हो सकते हैं। इसके लिए अगले महीने चुनाव तारीखों की घोषणा हो सकती है। कुल मिलाकर चुनाव तिथि की घोषणा के साथ ही यहां चुनावी माहौल तेज हो जाएगा।

इस समय कांग्रेस की लहर पूरे प्रदेश में छाया हुआ है। विधानसभा चुनाव में जिस तरह से 15 साल से सत्ता में काबिज भाजपा को बुरी तरह से पराजय का मुंह देखना पड़ा है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि मरवाही विधानसभा उपचुनाव में भी कांग्रेस को अच्छी जीत मिलेगी।

## आरबीआई की निगरानी में आए सहकारी बैंक

### 0-राष्ट्रपति ने दी बैंकिंग नियमन के संशोधन वाले अध्यादेश को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए सभी शहरी सहकारी बैंकों और बहु–राज्यीय सहकारी बैंकों को रिजर्व बैंक की निगरानी में लाने वाले बैंकिंग नियमन (संशोधन) अध्यादेश–2020 को राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने मंजूरी दे दी है।

वित्त मंत्रालय के अनुसार शनिवार को बैंकिंग नियमन कानून–1949 में अध्यादेश के जरिये किया गया संशोधन देश के 1,482 शहरी सहकारी बैंक और 58 बहु–राज्यीय सहकारी बैंकों पर भी लागू हो गया है। इस अध्यादेश का मकसद अन्य बैंकों के संबंध में आरबीआई के पास पहले से उपलब्ध शक्तियों को सहकारी बैंकों तक बढ़ाकर उनके कामकाज और निगरानी में सुधार और श्रेष्ठ बैंकिंग नियमन लागू करके, और पेशेवर आचरण सुनिश्चित करके तथा पूंजी तक पहुंच में उन्हें सक्षम बनाकर, जमाकर्ताओं के हितों की रक्षा करना और सहकारी बैंकों को मजबूत बनाना है। इसमें कहा गया कि यह संशोधन राज्य सहकारी कानून के तहत राज्य सहकारी समिति पंजीयक की मौजूदा शक्तियों को प्रभावित नहीं करता है। ये संशोधन प्राथमिक कृषि ऋष्ा समितियों (पीएसीएस) या सहकारी समितियों पर लागू नहीं होते हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य कृषि विकास के लिए दीर्घकालिक कर्ज देना है, और जो बैंक, बैंकर या बैंकिंग जैसे शब्दों का उपयोग नहीं करते हैं, और चेक अदा नहीं करते हैं। बयान में यह भी कहा गया कि अध्यादेश बैंकिंग नियमन अधिनियम की धारा 45 में भी संशोधन करता है,।

### मुख्यमंत्री ने ली विद्युत कंपनियों के साथ क्रेडा की समीक्षा बैठक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज अपने निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ राज्य की विद्युत कंपनियों और क्रेडा के कार्यो की समीक्षा की है। बैठक में मुख्य सचिव आर. पी. मंडल, विद्युत कंपनियों के चेयरमैन एवं मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्दार्थ कोमल परदेशी, एम. डी. डिस्ट्रीब्युशन मो. अब्दुल कैसर हक सहित विद्युत कंपनियों और क्रेडा के वरिष्ठ अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### डेढ़ साल के बच्चे के साथ महिला ने लगाई फांसी

**रायपुर।** नया रायपुर के एक गांव से बड़ी खबर निकलकर सामने आयी है। यहां एक महिला ने अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या का कारण अभी अज्ञात है। घटना राखी थाना क्षेत्र के नया रायपुर स्थित सेक्टर 29 की है। बताया जा रहा है कि यहां रहने वाली मृतिका नम्रता साहू (28) अपने लगभग डेढ़ वर्षीय पुत्र रुद्रांश के साथ फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

### स्मार्ट सिटी लिमिटेड बना रहा तालाबों को सुन्दर

**रायपुर।** रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा शहर के तालाबों के सौंदर्यीकरण की योजना तैयार की गई है । महापौर एजाज़ ढेबर की पहल और रायपुर स्मार्ट सिटी लि. के एम.डी. सौरभ कुमार के निर्देश पर तालाब संरक्षण व संवर्धन कार्य के तहत आरछी तालाब, साबुन डबरा तालाब और हल्का तालाब को शामिल किया गया है। इन तीनों तालाबों में लैंडस्केपिंग, पाथवे निर्माण कार्य, ब्यूटीफिक्रेशन, इलेक्ट्रीफिक्रेशन, ओपन जिम, चेंजिंग रूम और टॉयलेट का निर्माण होगा। इसके लिए रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा निविदा भी बुलाई जा चुकी है।

### हुक्का बार में पुलिस का छापा दो युवक पकड़े गए

**बिलासपुर।** प्रशिक्षु डीएसपी ने शुक्रवार की रात पुराने हाईकोर्ट भवन के सामने मोक्ष हुक्का बार में छापामार कार्रवाई कर दो युवकों को पकड़ा है। युवकों के खिलाफ महामारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। शुक्रवार की रात प्रशिक्षु डीएसपी ललिता मेहर नाइट पेट्रोलिंग में थी। उन्हें पुराने हाईकोर्ट भवन के सामने मोक्ष हुक्का बार खोलकर लोगों को विभिन्न फ्लेवर के हुकअप पिलाए जाने की सूचना मिली ।

### राज्यसभा कर्मचारियों के महंगाई भत्ते पर रोक

**नई दिल्ली।** कोविड–19 के चलते केंद्र सरकार ने अपने कई तरह के खर्चों में कटौती की है। सरकारी कर्मियों का महंगाई भत्ता और पेंशनभोगियों की महंगाई राहत की अतिरिक्त किस्त का भुगतान पहले ही रोक दिया गया था। यह भत्ता एक जनवरी 2020 को देय था। केंद्र सरकार के वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग की तरफ से कहा गया था कि कर्मियों को एक जनवरी 2020 से 30 जून 2021 तक की अवधि का कोई बकाया नहीं दिया जाएगा।अब ये आदेश राज्यसभा कर्मियों पर भी लागू होगा।

## चीन सीमा को जोड़ने वाला बैली ब्रिज किया तैयार



**देहरादून।** बैली ब्रिज को सीमा सड़क संगठन ने दोबारा बनाया पुल अचानक टूटकर नदीं में गिर गया उत्तराखंड के पिथौरागढ़ स्थित मुनस्यारी में सामरिक रूप से बेहद अहम माना जाने वाला बैली ब्रिज को सीमा सड़क संगठन ने दोबारा बना दिया है. इस ब्रिज के बनने से चीन सीमा पर जाने वाले आईटीबीपी और सेना के जवानों की आवाजाही शुरू हो गयी है. साथ ही चीन को जोड़ने वाली सड़क काटने का काम भी तेजी से शुरू हो गया है.

कुछ समय पहले यह ब्रिज टूट गया था. यह हादसा उस वक्त हुआ जब मुनस्यारी–मिलम रोड पर एक भारी भरकम मशीन ले जाई जा रही थी. धापा के पास सेनर नाले पर बना पुल ओवरलोडिंग से भरभराकर नाले में जा गिरा. हादसे में पुल पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था.

इससे जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया था जिसमें एक ट्रक पोकलैंड मशीन लेकर ब्रिज क्रॉस करता हुआ दिख रहा था. अचानक पुल टूटकर नदीं में गिर गया. साथ ही पोकलैंड मशीन भी नदी में जा गिरी. न्यूज एजेंसी एएनआई ने 22 जून को इस घटना का वीडियो शेयर किया था. यानी कि महज पांच दिनों में एक बार फिर से बैली ब्रिज को तैयार कर दिया गया है. बेली ब्रिज बनने की खबर ब्रेक की उधर प्रोपेगंडा मशीनरी ने अपने इंजीनियरों की ओर से 40 मिनट में 180 मीटर लंबे पुल बिछाने की कहानी लेकर सामने आ गई. क्योंकि भारतीय सेना के इंजीनियरों की तारीफ हो रही थी तो चीन को भी साबित करना है कि उनके इंजीनियर भी कहीं से कम नहीं हैं.

## योजनाओं का अस्तित्व किसी न किसी रूप में आदिकाल से गावों में रहा

# ग्रामोन्मुखी योजना है गोधन न्याय योजना



**रायपुर।** गोधन न्याय योजना ग्रामोन्मुखी योजना है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की दूरदर्शिता और गांवों में विकास की अवधारणा पर आधारित है यह योजना। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में सबसे पहले नरवा, गरवा, घुरूवा और बारी योजना शुरू की। इन सभी योजनाओं का अस्तित्व किसी न किसी रूप में आदिकाल से गावों में रहा है। अभी तक किसी ने इससे होने वाले फायदों के बारे नहीं सोचा था। वास्तव में यह योजना गांवो को आत्मनिर्भर बनाने वाली योजना है। गोधन न्याय योजना को छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार से शुरू करने की योजना है।

राज्य में गोठान के माध्यम से गोधन को एक़त्र कर रखने का प्रयास सफल रहा है। इससे फसलों की सुरक्षा के साथ ही गांव वासियों रोजगार भी मिल रहा है। गावों की महिलाएं स्व–सहायता समूह बनाकर गोठानों में खाद बना रही हैं। खाद बेचकर आर्थिक लाभ कमा रही हैं। सरकार द्वारा गोबर खरीदने की निर्णय से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। पढ़े–लिखे पशुपालक और पशुधन विकास विभाग से जुड़े अधिकारी तथा विशेषज्ञ अभी से ही इस योजना के फायदों को लेकर अपने–अपने तर्क और सुझाव लोगों के बीच साझा कर रहें हैं। गोधन न्याय योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में पशु पालकों को गौ पालन की ओर प्रोत्साहित किया जा सकता है। पशुपालन के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। पर्यावरण संरक्षण के साथ–साथ खेती–किसानी में जैविक खाद के उपयोग को बढ़ाने में भी यह योजना खासी महत्वपूर्ण होगी। जैविक खाद उत्पादन से ग्रामीणों को रोजगार और आजीविका का नया साधन इस योजना से मिलेगा। राज्य में फसलों का उत्पादन और बढ़ेगा।

पशुधन विकास विभाग के उप संचालक डॉ. एस.पी.सिंह बताया कि है कि कोरबा जिले के केवल 197 गोठान गांवों में पशुधन से मिलने वाले गोबर से ग्रामीणों को सालाना 17 करोड़ रूपये से अधिक की अतिरिक्त आय मिल सकती है। केवल गोठान गांवों से मिले गोबर से यदि कम्पोस्ट खाद बना दी जाये तो यह आय लगभग दस गुना तक बढ़कर 171 करोड़ रूपये तक पहुंच सकती है। इस पूरे कैलकुलेशन के पीछे पशुधन विशेषज्ञों का पूरा गणित है। कोरबा जिले में सात सौ से अधिक गांव हैं। जिनमें से अब तक 197 गांवों में नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी विकास कार्यक्रम के तहत सुव्यवस्थित गोठानों का निर्माण पूरा हो गया है। इन गोठान गांवों में पशु संगणना के अनुसार एक लाख 56 हजार 279 पशु हैं। औसतन छह किलोग्राम गोबर प्रतिदिन प्रति पशु के हिसाब से एक दिन में ही इन गांवों में नौ लाख 37 हजार 674 किलोग्राम गोबर का उत्पादन संभावित है। इस हिसाब से कोरबा जिले के 197 गोठान गांवों में ही प्रति वर्ष लगभग 34 करोड़ 22 लाख 51 हजार किलोग्राम गोबर का उत्पादन हो सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो यदि राज्य सरकार पचास पैसे प्रति किलो की दर से भी ग्रामीणों से गोबर खरीदती है तो कोरबा जिले के केवल गोठान गांवों से ही प्रतिदिन ग्रामीणों को चार लाख 25 हजार 505 रूपये की अतिरिक्त आमदनी हो सकती है।

# जिले मे पौधा तुंहर दुआर योजना की हुई शुरूआत

## कसडोल विधायक शकुंतला साहू ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को किया रवाना



**कसडोल।** छत्तीसगढ शासन के महत्वाकांक्षी योजना पौधा तुहर दुआर योजना का जिले मे आज शुभारंभ किया गया।कसडोल विधायक सुश्री शकुंतला साहू ने वाहन को हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा,कलेक्टर सुनील कुमार जैन डीएफओ आलोक तिवारी,जिला पंचायत सीईओ डॉ फ़रिहा आलम सिद्दीकी,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पॉल,ट्रेनी आईएफएस आलोक बाजपेयी भी उपस्थित थे। छत्तीसगढ प्रदेश को हरा भरा बनाने और लोगो मे पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भुपेश बघेल की मंशानुरूप शासन की महत्वाकांक्षी योजना पौधा तुहर दुआर योजना का आज जिले मे शुभारंभ किया गया। वर्तमान में यह योजना केवल बलौदाबाज़ार एवं भाटापारा नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के लिए नि:शुल्क पौधों की घर पहुँच सेवा के लिए प्रारंभ की गयी हैं। कसडोल विधायक शकुंतला साहू ने प्रदेश शासन की इस महती योजना पौधा तुंहर दुआर को मुख्यमंत्री का बहुत ही सराहनीय कदम बताया और कहा कि इससे पर्यावरण सरंक्षण मे फायदा मिलेगा। साथ ही उन्होने आम नागरिको से अपील की है की इस योजना का लाभ अवश्य उठाये और अपने घर के आसपास के साथ ही अपने अपने खेतो मे अपने पुर्वजो के नाम से पौधा लगाकर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए पर्यावरण के सरंक्षण मे अपना अमुल्य योगदान देवे ।कलेक्टर सुनील जैन ने बताया कि शासन की योजना के तहत पूरे राज्य को हरा भरा बनाने और लोगो में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने के उददेश्य से पौधा तुहर दुआर योजना का शुरुआत किया गया हैं ।वनमंडलाधिकारी आलोक तिवारी ने बताया कि आज से पौधा तुंहर दुआर योजना की शुरूवात हुई है और यह योजना 31 जुलाई तक चलेगी जिसमे लगभग 9 लाख पौधा रोपण का लक्ष्य इस बार हमने रखा हैं। आज इस योजना के तहत बलौदाबाजार एवं भाटापारा शहर मे 15 से 20 हजार पौधा लगाने की लक्ष्य रखा गया हैं। इसके साथ ही उन्होने आम नागरिको से अपील की इस योजना के माध्यम से अपने पूर्वजो के नाम से एक पौधा अवश्य लगावे और उन्हे अपनी श्रद्धांजली अर्पित करे। इसके साथ ही उन्होने बताया कि वन विभाग द्वारा कुछ मोबाईल नं दिये गये है जिनमे कोई भी नागरिक फोन करके अपना पौधा मंगा सकतें हैं।




जारी नंबरों में रजनीश वर्मा 99261-51752 अन्य नम्बरों में 84610-69363, एवं 81207-53481 इन मोबाईल नंबरो पर काल करके नागरिक अपना पौधा सीधा घर मंगवा सकतें है। पौधा का वितरण नि:शुल्क किया जा रहा हैं ।केवल खाद एवं मजदूर के मेहनत के लिए केवल 10 रुपये शुल्क देना होगा साथ ही हमने इस बार वाहन में एक सुविधा और दी गयी हैं। इस वाहन मे एक कुदाली,पेड़ लगाने मजदूर और वर्मी कंपोस्ट जैविक खाद की भी व्यवस्था किया गया हैं।



# गिरिदीप हाई स्कूल का 10वीं बोर्ड परीक्षा में हैट्रिक

**केशकाल ब्यूरो।** गिरिदीप हाई स्कूल केषकाल के छात्र-छात्राओं ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक षिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं बोर्ड परीक्षा 2019-20 में 100 प्रतिषत परीक्षा परिणाम प्राप्त कर लगातार तीसरी बार षत प्रतिषत अंक लाकर विद्यालय को हैट्रिक दिलाया है। कुल 18 में से 18 सभी छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त किये जिसमें 80 प्रतिषत छात्र-छात्राओं ने डिसटिंगषन प्राप्त कर क्षेत्र में विद्यालय का नाम रोषन किया है। कु0 विधि चौराड़िया पिता श्री संतोष चौराड़िया 91.8 प्रतिषत अंक अर्जित कर केषकाल में प्रथम स्थान रही, कु0 सगुफता मुसार्फ पिता स्वा0 मो0 आकीब 91.3 प्रतिषत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान पर रही, सानिया उसमान पिता मो0 आसीफ उसमान 85.6 प्रतिषत अंक के साथ विद्यालय के 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में तीसरे स्थान पर रही। सभी उर्त्तीण छात्र-छात्राओं को गिरिदीप विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनंदन एवं उज्जवल भविष्य की कामनाए करते है।

# गोधन न्याय योजना- पशुपालकों, किसानों को मिलेगी अतिरिक्त आय के साथ दीर्घकालिक आजीविका

( नरसिंह मंडावी )



**नारायणपुर ब्यूरो।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के पशुपालकों को लाभ पहुंचाने के लिए हाल ही में ''गोधन न्याय योजना'' का एलान किया है। ''गोधन न्याय योजना'' प्रदेश के पशुपालकों के लिए यह अच्छी खबर है। इस योजना की शुरूआत अगले माह हरेली पर्व पर होगी। सरकार द्वारा बनायी गयी जनहितकारी योजना शुरू में कुछ लोगों के गले न उतर पाने का सिलसिला पुराना है। इसके अलावा शुरू की गई योजना के बारे में कुछ लोगों का अधूरा ज्ञान भी घातक होता है। लेकिन जनता मौन रहकर यह सब चुपचाप देखती और सुनती है और वक्त पर ही अपना सटीक फैसला सुनाती है। उचित नीतियों और व्यवहारों द्वारा इस क्षेत्र में विकास के अवसरों को बढ़ाया जा सकता है। जिससे किसानों को अतिरिक्त आय, दीर्घकालिक आजीविका सुरक्षा और गांवों में अधिक स्वच्छता सुनिश्चित होगी। उचित नीतियों और व्यवहारों द्वारा इस क्षेत्र में विकास के अवसरों में बढ़ाया जा सकता है। जिससे पशुपालकों, किसानों को अतिरिक्त आय, दीर्घकालिक आजीविका सुरक्षा और गांवों में अधिक स्वच्छता सुनिश्चित की जा सकती है। आज भी कई देश और राज्य जिसमें छत्तीसगढ़ भी शामिल है। ऊर्जा उत्पादन के लिए मवेशियों के गोबर और जैविक अपशिष्ट का उपयोग करते है। लेकिन राज्य में इस तरह के अपशिष्ट की आर्थिक क्षमताओं का पूरी तरह लाभ उठाने में पूरी तरह सफल नहीं हुआ है। जबकि प्रदेश में पशु संख्या ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर की बड़ी मात्रा को धन और ऊर्जा में बदलकर इसका लाभ उठाने की अपार संभावना है। मुख्यमंत्री द्वारा गो पालन को बढ़ावा देना, पशुपालकों की आर्थ्रिक रूप से सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें लाभ पहुंचान ही इस योजना का मुख्य मकसद है। इसका एक लाभ और भी जहां घूमते हुए खुले में मवेशियों का चरना और फसल को नुकसान पहुंचाने में भी कमी आयेगी । इसके लिए भी मुख्यमंत्री ने रोका-छेका की शुरूआत की। लेकिन यह पुरानी परंपरा है, जिसमें धीरे-धीरे कमी आने लगी और मवेशी किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाने लगे। इसके लिये 30 जून तक प्रदेश में रोका-छेका मनाया जा रहा है। ग्रामों में पशुपालक ग्रामों में बैठक कर मवेशियों को खुले में नहीं चरने देने और चरवाह के जरिए ही पशुओं को चराने भेजने की शपथ ले रहे है। गोधन योजना से जहां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। गो पालकों और किसानों की और बेहतर आर्थिक स्थिति होगी। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के एक अध्ययन के मुताबिक गोबर का प्रोडक्टिव तरीके से उपयोग राष्ट्रीय स्तर पर लाखों रोजगारों का सृजन कर सकता है।

## किशोरी से बलात्कार

**बसंतपुर.** शादी का झांसा देकर एक युवक 17 वर्षीय किशोरी से 1 साल से बलात्कार कर रहा था। जब किशोरी ने उससे शादी करने कहा तो उसने साफ इनकार कर दिया। युवक की इस बात से नाराज किशोरी ने पूरी बात परिजन को बताई। इसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस ने मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



# पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**खैरागढ़ ब्यूरो।** ब्लॉक कांग्रेस एवं शहर कांग्रेस के नेतृत्व में आज खैरागढ़ थाना में पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई . छत्तीसगढ़ के भाजपा के पूर्व मंत्री एवं विधायक अजय चंद्राकर के द्वारा छत्तीसगढ़ की राजकीय चिन्ह की तुलना गोबर से किए जाने पर उनके खिलाफ इंडियन पैनल कोड की धारा 124(क) एवं 188 तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाऐ .एवं राजकीय चिन्ह की तुलना गोबर से किए जाने पर उनका निवार्चन रद्द किया जाऐ. छत्तीसगढ़ निवार्चन आयोग भी इसकी शिकायत अनुविभागीय दणडधिकारी निष्ठा तिवारी पान्डेय के माध्यम से की गई. इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष भीखम चंद छाजेड़, शहर अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, वरिष्ठ कांग्रेसी अब्दुल रज्जाक खान, नपा सभापति सुबोध पान्डेय, जफर उल्लाह खान, एल्डरमैन पुरन सारथी, भरत चंद्राकर,जिला प्रवक्ता अनुराग तुर्रे, युका अध्यक्ष पलाश सिंह, शहर प्रवक्ता समीर कुरैशी, सुर्यकांत यादव,कोमल वर्मा, रतन सिगीं ,पुर्षोत्तम वर्मा, कुभंलाल सिन्हा,सहित कांग्रेसी मौजूद थे।

# बहुप्रतीक्षित चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन



**मुंडा।** धान खरीदने के पश्चात उसके भंडारण के लिए विभिन्न समस्याओं से जुझते ग्राम ससहा के सोसाइटी में विगत दिनों इनके निराकरण के लिए ठोस पहल की शुरुवात करते हुए स्थानीय जनपद सदस्य तुकाराम पप्पू साहू ने 11 लाख लागत से बनने वाले चबूतरा निर्माण का भूमिपूजन किया । पलारी ब्लाक के बड़े सोसाइटियों में शामिल ससहा के सोसाइटी में ग्राम कोदवा,सुन्दरी, सकरी और ससहा के कुल 1324 पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जाती है ।जिसमे 52000 क्विंटल धान की खरीदी की गई । खरीदे गए धान के बोरियों को चबूतरा के अभाव में जमीन मे भंडारण किया जा रहा था जिससे हल्की बरसात में भी धान के जल्द भीग जाने, नमी के वजह से बीजों में जड़ उगना और अपेक्षाकृत अधिक मात्रा में चूहों की सक्रियता जैसी समस्या आम हो गई थी । चबूतरा निर्माण के बाद इससे निजात मिल सकेगी जनपद सदस्य तुकाराम पप्पू साहू सरपंच सेवती ख़रसे बैक अध्यक्ष मुकेश साहू उप सरपंच कुंदन साहू सरपंच प्रतिनिधि होरीलाल ख़रसे धनंजय ख़रसे संतोष साहू होरीलाल साहू डिगेंद्र सुहेल भागचंद साहू सुंदर साहू आदि के उपस्तिथि में सम्पन्न हुए भूमिपूजन के पश्चात पप्पू साहू ने सोसाइटी प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि वह इस सोसाइटी के हर एक समस्या के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे।

# पेट्रोल डीजल के मूल्य वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा



**मैनपुर।** केंद्र सरकार के द्वारा लगातार पेट्रोल डीजल के मूल्य वृद्धि और देश की जनता पर अतिरिक्त भार और परेशानियों को देख कर प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पुर्णचंद (कोको)पाढ़ी के निर्देश पर बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमृत पटेल,ब्लाक अध्यक्ष शाहिद मेमन,विधानसभा उपाध्यक्ष सामंत शर्मा के नेतृत्व में मैनपुर ब्लॉक मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमे बैनर पोस्टर के साथ पैदल चल कर राष्टपति जी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया जिसमे मांग किया गया कि पेट्रोल डीजल के दाम को जल्द से जल्द कम किया जाए उक्त कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जनक ध्रुव,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अमित मिरी,ब्लाक कार्यकारिणी अध्यक्ष बलदेव ठाकुर,विधानसभा महासचिव नेयाल नेताम,विधानसभा सचिव प्रेम कुमार,शिवाजी राव गरड़,गौरव बम्बोडे, धनराज निषाद,ईश्वर,अफजल खान,कपिल कुमार,खुमेंद्र कश्यप,अयूब रजा कांग्रेस पार्टी के

## अतिसंकमित सेठी नगर पहुंचकर पुलिस ने लोगो का कराया टेस्ट करवाया

**राजनांदगांव ।** शहर के अति संकमित नगरनिगम क्षेत्र सेठीनगर मोहल्ले में कोरोना संक्रमित मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए दो तीन दिनों से लगातार पुलिस द्वारा मोहल्लेवासियों को इस महामारी से बचाव के उपाय बताने के साथ-साथ घर पर रहने, बाहर न निकलने, मास्क लगाने, भीड़ इकट्ठा नही करने आदि समझाईश दी जा रहा थी। परन्तु मोहल्लेवासियों की उदासीनता व लापरवाही बरतने के चलते महामारी के संक्रमण को रोकने के लिए पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ल के निर्देशन व अति.पु.अधी. श्रीमती सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन तथा न.पु.अधी. श्री मणीशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में राजनांदगांव पुलिस टीम एवं मेडिकल टीम द्वारा 27जून को दल-बल के साथ सेठीनगर जाकर मोहल्लेवासियों को कोरोना का टेस्ट करवाने व कोरेन्टीन सेन्टर ले जाने हेतु पहुंची। पुलिस द्वारा लोगों को समझा-बुझा कर कोविड-19 का टेस्ट करवाकर उन्हें कोरेन्टीन सेन्टर पहुंचाया गया।

# प्रशासन को चुनौती देते यह दुकानदार सम्पूर्ण लाकडाउन मे भी कर रहे मनमानी!

**कमिश्नर या प्रभारी मन्त्री के निदेश का हो रहा इंतजार**

**राजनांदगांव ।** शहर मे आज भी गुडाखु लाईन,जी ई रोड मे कुछ दुकानदार सम्पूर्ण लाकडाउन का खुलेआम उल्लंघन कर रहे है और प्रशासन आंख मूदकर बैठा है। शनिवार को शहर की जीई रोड मे स्थित प्रसिद्ध मिठाई दुकान जलाराम मिष्ठान भंडार तो सुबह दस बजे से एक बजे तक आधा शटर खोलकर जमकर मिठाई ,खारा बेचते रहा । अन्य लाकडाउन के दिनो मे भी इस दुकान मे बडी संख्या मे लोगो द्वारा प्रवेश कर मिठाई खारा खरीदते देखने पर पुलिस अथवा प्रशासन के अधिकारी कारवाई करने की बजाय मुंह फैरते नजर आते है ।कुछ लोगो ने यह भी खुलासा किया कि यहां हर माह कई लोगो को महीने मे मिठाई अथवा कुछ विशेष लाभ मिलता है ।इसके चलते कभी इस दुकान पर कारवाई नही होती है ।हालांकि यहाँ पर पूर्व के एसडीएम ने अवैध मिट्टीतेल के संग्रहण पर इस दुकान पर कारवाई की है ।इस बात की चर्चा चौक चौराहे पर अकसर सुनने मिल रही है कि सब कुछ मंथली मिठाई खारा व अन्य तय है ।इसके चलते कारवाई से पहले उस दुकानदार को खबर कर दी जाती है। प्रशासन के एक अधिकारी का कहना है कि डयूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियो को यह खुलेआम खुली दुकान व अन्दर मिठाई खारा के लिये जाते लोग नही दिखते है ।फिर भी वह यह खामोश क्यों रहते है। यहां बिकने वाली घटिया रसमलाई को लेकर भी गत दिनो कलेक्टर को शिकायत भी हुई है ।इसी तरह गुडाखूलाईन में किसान बूट हाउस ,रमेश किराना दुकान आदि दुकानो मे आधा शटर खोलकर सामान दिया जा रहा है ।कुछ अन्य दुकाने भी जीई रोड मे खुली है ।यह सब दुकानदार प्रशासन को कारवाई की खुली चुनौती दे रहे है कि दम है तो कारवाई कर बताये।

यह भी पता चला है कि ऐसे दुकानदारो को सत्ता व विपक्ष के नेताओ का खुला संरक्षण भी मिलता रहा है ।जिसके चलते भी यह बेखौफ होकर शासन प्रशासन के नियमो का खुला उल्लंघन करने से बाज नही आते है ।हालांकि कारवाई के नाम पर प्रशासन द्वारा नंदई मे संजय किराना स्टोर व कमला कालेज के प्रतीक किराना स्टोर व कुछ अन्य दुकानदारो पर कारवाई हुई है ।कलेक्टर टी के वर्मा को इस ओर ध्यान देकर संबधित अधिकारियो को कडी कार्यवाही के निदेश देना चाहिये नही तो यही मैसेज बाजार मे चल रहा है कि कोई कही भी शिकायत कर ले कही कुछ होने वाला नही है ।यह दुकानदार नियम कानून को तोडकर अपनी मनमानी करते रहेगे। यह भी शहर मे जमकर चर्चा है कि विभिन्न वाटसअप समूहो मे जागरुक नागरिक व मीडिया के लोग ऐसे दुकानदारो की फोटो खीचकर डाल रहे है और यह सब कलेक्टर व अन्य जिम्मेदार अधिकारी भी रीड कर रहे है परन्तु त्वरित कारावाई की बजाय उनकी उदासीनता से यह चर्चा चल पडी है कि कलेक्टर अब प्रभारी मन्त्री अथवा संभागायुकत के आदेश के आने का इंतजार कर रहे है।

# विजया शक्ति महिला उत्थान समिति ने कराए ऑनलाइन व्यंजन प्रतियोगिता

**बलोदा बाजार।** विजया शक्ति को उत्थान समिति द्वारा द्वितीय वर्ष पूर्ण कर तृतीय वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष में कोरोना काल के दौरान स्टे होम स्टे सेफ का पालन करते हुए जिला स्तरीय ऑनलाइन प्रतियोगिता रखी गई जिसके अंतर्गत जिला अध्यक्ष नीलम सोनी जी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में स्वदेशी रोजगार को बढ़ावा देने तथा अपने जिले की गुणवान प्रतिभाशाली महिलाओं और बच्चों की कलाओं के प्रदर्शन का मौका दिया गया है साथ ही साथ भारतीय एवं छत्तीसगढ़ी संस्कृति की छांप का अविस्मरणीयप्रभाव इस प्रतियोगिता में दृश्य हुआ महिलाओं और बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और स्थान प्राप्त किए जिसका विवरण इस प्रकार है 1. केश सज्जा प्रतियोगिता रिद्धिमा यदु प्रथम बलोदा बाजार, 2. व्यापार हेतु बने व्यंजन प्रतियोगिता प्रथम दिव्या सोनी बलौदाबाजार द्वितीय शिखा सोनी बलोदा बाजार तृतीय इंदु कनौजे लटूवा 3. छत्तीसगढ़ी वेशभूषा प्रतियोगिता प्रथम अर्चना ठाकुर बलोदा बाजार द्वितीय संध्या वर्मा बलोदा बाजार तृतीय जानवी साहू कसडोल 4. पतंग बनाओ प्रतियोगिता प्रथम श्रिमायी साहू बलोदा बाजार द्वितीय निशांत वर्मा बलोदा बाजार 5. भारतीय परंपराओं में साड़ी एवं सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता प्रथम तृप्ति देशमुख बलोदा बाजार द्वितीय सुनीता सुनीता कुशवाहा बलोदा बाजार तृतीय श्रीमती राखी यादव बलोदा बाजार तृतीय खिलेश्वरी शुक्ला 6. बच्चों हेतु चित्रकला प्रतियोगिता - प्रथम तानिया देवांगन कटगी तृतीय इशांत वर्मा बलोदा बाजार रिद्धिमा यादव बलोदा बाजार तृतीय जाह्नवी साहू बलोदा बाजार इस ऑनलाइन प्रतियोगिता का निर्वाहन सचिव डॉ अनुराधा श्रीवास्तव ने किया तथा कोषाध्यक्ष रजनी बाजपेई संयोजक ललिता यदु सह सचिव अंजली गुप्ता एवं मीडिया प्रभारी सिम्मी सोनी ने निष्पक्ष के साथ चरण किया जिसमें संरक्षक रामाधार पटेल जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ । इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की सहभागिता का स्तर चयन एवं सहयोग कार्यकारिणी सदस्य मोनिका श्रीवास्तव वर्षा साहू रूबी कुरेशी सोनल केशरवानी द्वारा सराहनीय रहा । इस तरह सर्व सदस्यों के सहयोग एवं चयन से अध्यक्ष द्वारा परिणामों की ऑनलाइन घोषणा की गई तथा ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्रतिभागियों को दिया गया।


## न्यायालय नायब तहसीलदार (नजूल) कांकेर जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-20(1) /2019-20

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नाकिंत आवेदकों (पूर्ण पता अनुसार) के द्वारा सूचि में अंकित भूमि को कब्जा / रिक्त बताते हुये व्यवसायिक / आवासीय उपयोग करने हेतु उक्त शासकीय नजूल भूमि को व्यवस्थापन / आबंटन के तहत भूमि स्वामी हक प्रदान करने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

**सूची**

| क्र. | आवेदक /आवेदिका का नाम | मोहल्ला | शीट नं. | प्लाट नं. में से | रकबा वर्ग.मी. | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01. | रुपकुमार मंगलानी /मेघराज | सुभाषवार्ड | 12 बीं | 137 | 71 | व्यवसायिक |
| 02. | अभय बाफना/ सुरजमल | अन्नपूर्णापारा | 11 डी | 11/3 | 260 | आवासीय |
| 03. | विजय कु.बनकर /भोलाराम | अन्नपूर्णापारा | 13 डी | 9 /1 | 10 | व्यवसायिक |
| 04. | करण निषाद /दीनदयाल | टिकरापारा | 21सी | 3 | 18 | व्यवसायिक |
| 05. | राकेश आहुजा /श्यामलाल | राजापारा | 13 | 39 /1 | 35 | व्यवसायिक |
| 06. | विजय कुमार गुप्ता /बिंदेश्वरी प्रसाद | राजापारा | 13 डी | 39 /1 | 35 | व्यवसायिक |
| 07. | जमाल सोलंकी /ईमामुद्दीन सोलंकी | महादेव वार्ड | 7 सी | 01 | 30 | आवासीय |
| 08. | नुजहत रिजवी /हफीज रिजवी | शीतलापारा | 6 बी | 31 | 100 | आवासीय |
| 09. | कपिल कुमार खटवानी /अनुप कुमार खटवानी | मांझापारा | 13 ए | 99/ 1 | 33 | व्यवसायिक |
| 10. | दिनेश कुमार मंगलानी | बस स्टैंड | 13 ए | 99 /1 | 71 | व्यवसायिक |
| 11. | दिनेश कुमार मंगलानी | बस स्टैंड | 13 ए | 99 /1 | 131 | व्यवसायिक |
| 12. | नरेश कुमार मंगलानी/ मेघराज | मांझापारा | 10 बी | 137 | 57 | आवासीय |
| 13. | राकेश सिंह राजपूत/ चैनसिंह | आदर्शनगर | 16 डी | 11 | 33 | व्यवसायिक |

अत: इस संबंध में किसी व्यक्ति संस्था निकाय आदि को कोई उजर दावा /आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 13.6.2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

नायब तहसीलदार
कांकेर


# गरीब महिला का जिला अस्पताल में सफल आपरेशन

## गर्भाशय से निकाला गया डेढ़ किलो का गोलाकार सिष्ट




**बलौदाबाजार।** जिला अस्पताल बलौदाबाजार में आज सेजा गांव की एक गरीब परिवार की महिला का सफल ऑपेरशन हुआ है। डॉक्टरों की टीम ने महिला के गर्भाशय से लगभग डेढ़ किलो वजन का गोल आकार का सिष्ट निकाला है। महिला के परिजन कोरोना संकट को देखते हुये इलाज़ को लेकर काफी सशंकित थे। जिला प्रशासन के निर्देश पर डॉक्टरों ने टीम भावना के साथ इस जोखिम पूर्ण ऑपेरशन को अंजाम दिया है। महिला स्वस्थ है और आपरेशन के बाद आगे की देखभाल अस्पताल में चल रही है। इससे कोरोना के संकटपूर्ण हालात में डीएमएफ की उपयोगिता भी सिद्ध हुई है, क्योंकि डीएमएफ के सौजन्य से सेवारत डॉक्टरों के नेतृत्व में इस जटिल ऑपेरशन को कामयाब किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी ने बताया कि पीड़ित महिला का नाम जामबाई है। वह लगभग 32 साल उम्र की है। आरंग विकासखण्ड के पलारी से लगे ग्राम सेजा की है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ सर्जन डॉ एस. एस बाजपेई, डॉ ए. के.झंवर और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ करुणा यादव ने सहयोगी स्टाफ की मदद से आज सवेरे आपरेशन कर महिला को नये जीवनदान दी है ।बताया गया कि महिला के पेट में काफी दिनों से काफी दर्द था और उन्हें उल्टी हो रही थी। लगभग बेहोशी की हालात में उन्हें यहां अस्पताल लाया गया था। सोनोग्राफी रिपोर्ट में उनकी ओवरी में गोला होना पाया गया।

चूंकि मरीज़ को काफी तकलीफ थी और उनकी जान बचाने के लिए तत्काल आपरेशन किया जाना जरूरी था। इसलिए जिला कलेक्टर श्री सुनील कुमार जैन के निर्देश पर डॉक्टरों ने तत्काल तैयारी कर इमरजेंसी ऑपेरशन किया और सिष्ट को निकाल बाहर किया। सिष्ट का वजन लगभग डेढ़ किलो वज़न का था। ऑपेरशन के बाद महिला और उनके परिजनों को काफी राहत मिली है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले के कोरोना पॉजिटिव मरीज की इलाज के दौरान एम्स रायपुर में मौत



**जांजगीर-चाम्पा.** जिले के कोरोना पॉजिटिव मरीज की इलाज के दौरान एम्स रायपुर में मौत, जिला पंचायत सीईओ तीर्थराज अग्रवाल ने की पुष्टि, जिले में कोरोना पॉजिटव मरीज की पहली मौत, 20 जून को मालखरौदा ब्लाक के किरारी क्वारंटीन सेंटर से भेजा गया था मरीज को इलाज के लिए. 12 जून को दिल्ली से आया था मजदूर, 17 जून को सैम्पल लिया गया था, 19 जून को कोरोना रिपोर्ट आई थी पॉजिटिव एम्स में इलाज के दौरान तबीयत बिगड़ी और आज मौत हो गई.

### प्रभारी मंत्री टीएस सिंहदेव की समीक्षा बैठक स्थगित



**जांजगीर-चांपा.** जिले के प्रभारी और राज्य के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, वाणिज्यकर (जीएसटी ) मंत्री टीएस सिंहदेव की 28 जून को प्रस्तावित बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है.

### क्वारेंटाइन सेंटर में 2 माह की बच्ची की मौत

**जांजगीर-चाम्पा.** पामगढ़ के व्यासनगर गांव के क्वारेंटाइन सेंटर में 2 माह की बच्ची की मौत हो गई. बच्ची को दूध पिलाने के बाद तबियत बिगड़ गई और फिर उसकी मौत हो गई. सूचना के बाद स्वास्थ्य अमला पहुंचा और बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. रैपिड टेस्ट में रिपोर्ट निगेटिव आई है. यह मजदूर परिवार, 14 दिन पहले लखनऊ से आया था. डॉक्टर का कहना है कि पीएम रिपोर्ट से बच्ची की मौत के कारण का पता चलेगा. मामले में जांच जारी है. आपको बता दें, जिले के क्वारेंटाइन सेंटर में पहले भी मजदूरों की मौत के मामले आ चुके हैं.

### 3 अवैध ईंटभट्ठों पर हुई कार्रवाई,5 लाख 25 हजार ईंट जब्त



**जांजगीर-चाम्पा.** पामगढ़ क्षेत्र के भुईगांव में 2 ईंटभट्ठे और तनौद गांव में 1 ईंटभट्ठे पर खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई की है. अवैध रूप से संचालित तीनों ईंटभट्ठे से 5 लाख 25 हजार ईंट जब्त की गई है. मामले में खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण बनाया गया है. जिला खनि अधिकारी एनके सूर ने बताया कि सूचना के बाद खनिज विभाग की टीम भुईगांव पहुंची, यहां शिवकुमार खूंटे द्वारा अवैध रूप से संचालित ईंटभट्ठे पर कार्रवाई की गई और 1 लाख 50 हजार ईंट जब्त की गई. इसी तरह मोहन प्रसाद मनहर द्वारा संचालित अवैध ईंटभट्ठे से खनिज विभाग की टीम ने कार्रवाई की और 2 लाख ईंट जब्त की गई. साथ ही, खनिज विभाग की टीम ने तनौद गांव में कार्रवाई की और अजय साहू द्वारा संचालित अवैध ईंटभट्ठे से 1 लाख 75 हजार ईंट जब्त की गई. तीनों मामले में खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण बनाया गया है और कार्रवाई की जा रही है.

### दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल




**जांजगीर-चाम्पा.** लड़की को घर में बुलाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक की पुलिस ने गिरफ्तार किया है और न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है. मामला बलौदा थाना क्षेत्र के मधईपुर गांव का है. बलौदा पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि घटना 2 जून की है. युवक ने लड़की को घर बुलाया, युवक अकेला था. युवक ने लड़की के साथ दुष्कर्म किया. 24 जून को लड़की ने थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. मामले में आरोपी युवक भानू प्रताप दिवाकर के खिलाफ आईपीसी की धारा 376 के तहत जुर्म दर्ज किया गया और उसकी पुलिस ने तलाश की. 26 जून को आरोपी युवक भानू प्रताप दिवाकर को गिरफ्तार किया गया और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है.

### सांप के डसने से महिला की मौत

**जांजगीर-चाम्पा.** सांप के डसने से महिला की मौत हो गई. खाना बनाते वक्त महिला को सांप ने डसा. महिला को पामगढ़ अस्पताल लाया गया है, जहां उसे डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. मृतका महिला का नाम राधिका साहू था. घटना पामगढ़ क्षेत्र के मेंऊभाठा की है. पामगढ़ थाना प्रभारी आरएल टोंडे ने बताया कि महिला की सांप से डसने से मौत की सूचना अस्पताल से मिली, जिसके बाद पोस्टमार्टम कराया गया. मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है.

### कोरोना पॉजिटिव निकले चाचा-भतीजी स्वस्थ्य होकर लौटे

**खैरागढ़.** अंचल के मदनपुर गांव के क्वारंटाइन सेंटर से कोरोना पॉजिटिव निकले चाचा-भतीजी पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट गये हैं. जानकारी अनुसार बीते 13 जून को गुजरात प्रदेश के सूरत के पास रजवाड़ी शहर से एक ही परिवार के कुल 6 लोग अपने गृह ग्राम मदनपुर लौटे थे जिन्हें शासन के निर्देश के अनुसार प्राथमिक शाला में बने क्वारंटाइन सेंटर में रखा गया था और सभी प्रवासियों की कोरोना जांच की गई थी जिसमें से एक ही परिवार के 31 वर्षीय युवक व उसकी 4 वर्षीय भतीजी 16 जून को कोरोना पॉजिटिव निकले थे जिसके बाद उन्हें उपचार के लिये पेंड्री स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था जो गुरूवार को पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने गृह ग्राम लौट गये हैं. 31 वर्षीय चाचा के साथ 4 वर्षीय भतीजी ने कोरोना की लड़ाई जीतकर उसे मात दी है जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग ने उनका उत्साहवर्धन किया है वहीं परिजनों सहित ग्रामीणों में भी उनके स्वस्थ होने से हर्ष व्याप्त है. बीपीएम सतंजय ठाकुर ने बताया कि दोनों पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौटे हैं और 14 दिनों तक होम आईसोलेशन का पालन करेंगे. उन्होंने बताया कि खैरागढ़ ब्लॉक में अब तक कुल 11 पॉजिटिव मरीज मिले थे जिनमें से 9 मरीज पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट चुके हैं जिसमें मदनपुर की 4 वर्षीय मासूम बालिका के साथ ग्राम सलिहा की 80 वर्षीय बुजुर्ग भी शामिल है.

### रोका-छेका अभियान को लेकर कार्यपालन अभियंता ने आकस्मिक निरीक्षण किया

**खैरागढ़.** शासन द्वारा जारी रोका-छेका अभियान को लेकर नगरीय निकाय प्रशासन के दुर्ग जोन के कार्यपालन अभियंता ने खैरागढ़ पहुंचकर आकस्मिक निरीक्षण किया. जानकारी अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग से पधारे नगरीय निकाय विभाग के कार्यपालन अभियंता प्रमोद दुबे ने शासन द्वारा चलाये जा रहे रोका-छेका अभियान के तहत हो रही कार्यवाही को लेकर आकस्मिक निरीक्षण किया. नगर पालिका की सीएमओ सीमा बख्शी व अन्य अधिकारियों के साथ मुख्य अभियंता ने वार्ड क्र.10 लालपुर स्थित कांजी हाऊस और वार्ड क्र.11 किल्लापारा में स्थित अस्थाई गौठान जो गौ सेवा समिति द्वारा वर्तमान में संचालित किया जा रहा है का भ्रमण किया और अभियान की गतिविधि को लेकर संतोष जाहिर किया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और जनपद पंचायत अध्यक्ष पहुंचे अतिसंवेदनशील क्षेत्र बिंझे-सिकागांव

### निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर किया भूमिपूजन, छात्राओं को बांटा गया सरस्वती सायकल





**केशकाल–** कोंडागांव जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम और केशकाल जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम ग्राम पंचायत बिंझे व सिकागांव पहुंचे जहां उनके द्वारा गांव में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया साथ ही नवीन कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। जिसके बाद उच्च. मा. विद्यालय सिकागांव में सरस्वती साइकिल वितरण योजना के तहत सायकल वितरण करने के पश्चात संस्था के होनहार विद्यार्थियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए।

जनपद पंचायत अध्यक्ष महेंद्र नेताम इन दिनों लगातार सुदूरवर्ती क्षेत्रो का दौरा कर रहे हैं, इसी क्रम में आज नेताम के द्वारा केशकाल जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम बिंझे व सिकागांव पहुंचे जहां उनके द्वारा पंचायत अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया गया साथ ही नवीन निर्माण कार्य पुलिया के भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के पश्चात नेताम सिकागांव पहुंचे जहां पर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक सरस्वती सायकल वितरण योजना के तहत छात्राओं को सायकल वितरण किया गया। साथ ही महेंद्र नेताम ने संस्था के होनहार छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में शामिल होकर उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं प्रेषित किया गया।

कार्यक्रम के जनता को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भुपेश सरकार के आने के बाद से शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। साथ ही मतलाम ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर शासकीय योजनाओं के अंतर्गत लोगों को रोजगार मुहैया करवाया जा रहा है इसके अलावा हमारी सरकार वनोपज जैसे साल बीज, तेंदूपत्ता, इमली आदि के खरीदी मूल्यों में भी वृद्धि किया गया है जिससे ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होगा। इस दौरान मुख्य रूप से देवचंद मतलाम अध्यक्ष जिला पंचायत कोंडागाँव, महेन्द्र नेताम अध्यक्ष जनपद पंचायत केशकाल, लददु राम उईके पूर्व जिला पंचायत सदस्य, रति मरकाम जनपद सदस्य, रोहित नाग जनपद सदस्य, संतरे कोरचा जनपद सदस्य, राजेश नेताम वरिष्ठ नेता, अमित दुबे, धर्मेन्द्र ठाकुर, खिलेश्वर शोरी जिला अध्यक्ष राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, हीरा सिंग मरकाम, सरपंच खुटपदर-सिकागांव, व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक कांग्रेस खैरागढ़ के द्वारा शहीदों को सलाम दिवस के रूप में मनाया गया



**खैरागढ़ ( वॉच ब्यूरो )।** इस कार्यक्रम के माध्यम से.शहीद कर्नल बी.संतोष बाबु और सर्वोच्च बलिदान के लिए 16 बिहार रेजिमेंट के हमारे बीस बहादुर को श्रधांजलि दी गई. महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप राष्ट्रीय ध्वज को पृष्ठभूमि में रखकर शहीद जवानों को श्रधांजलि अर्पित की गई। इस अवसर ब्लॉक अध्यक्ष भीखम चंद छाजेड़, शहर अध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, नपा सभापति सुबोध पान्डेय, सोनु ढीमर, अरूण भारद्वाज, युका अध्यक्ष पलाश सिंह, एल्डरमैन पुरन सारथी,इंदरजीत अग्रवाल, कन्हैया रजक रतन सिंगी:, शहर प्रवक्ता समीर कुरैशी सहित कांग्रेसी मौजूद थे।

# जिला पंचायत सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित

**जांजगीर-चांपा( वॉच ब्यूरो ).** जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा की अध्यक्षता में सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल मौजूद रहे। बैठक में जिला पंचायत के सदस्यों के प्रशिक्षण को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों को जानकारी दी गई कि कोरोना महामारी के चलते प्रशिक्षण को स्थगित किया गया था, इसलिए जैसे ही नई तारीख आएगी सदस्यों को प्रशिक्षण की जानकारी दी जाएगी। इसके बाद सदस्यों को जिला पंचायत में आय-व्यय के अनुमोदन एवं जिला पंचायत में संचालित विभिन्न योजनाओं के खातों के आय-व्यय के संबंध में चर्चा हुई। सदस्यों को जिला पंचायत के आय-व्यय की जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, महात्मा गांधी नरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, गौण खनिज, 14 वें वित्त, मूलभूत योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आंतरिक विद्युतीकरण, मुख्यमंत्री कौशल विकास प्राधिकरण आदि योजनाओं के आय-व्यय की जानकारी दी गई। जिला पंचायत के तहत कार्यरत कर्मचारियों की सेवा के संबंध में जानकारी दी गई। महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। सदस्यों को महिला बाल विकास विभाग अधिकारी ने परियोजनावार जानकारी दी। इस दौरान सदस्यों ने रेडी टू ईट पर चर्चा करते हुए कहा कि उन समूह का ही चयन किया जाए जो नियमों के तहत कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही रेडी टू ईट में विशेष निरीक्षण समिति गठित करने की बात सदस्यों ने कही। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्रों में दी जान वाली सेवाओं के बारे में सदस्यों को बताया गया।

# जिपं सीईओ ने चारागाह में रखिया, करेला का लगाया बीज

**ग्रामीणों का बढ़ाया मनोबल, कापन, खोंड, किरारी और झलमला गोठान चारागाह का किया निरीक्षण**

**जांजगीर-चांपा( वॉच ब्यूरो ).** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने शुक्रवार को अकलतरा विकासखण्ड की ग्राम पंचायतों में पहुंचकर चारागाह में रखिया, करेला आदि बीज लगाकर बुआई की और समूह एवं ग्रामीणों का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्ग निर्देशन में गौठान एवं चारागाह का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। इसी तारतम्य में कापन, खोंड, किरारी और झलमला ग्राम पंचायतों में गौठान एवं चारागाह का निरीक्षण किया।

जिपं सीईओ सबसे पहले कापन के गौठान का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां पर उपस्थित विभागीय अमले से कहा कि राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना एनजीजीबी नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी के तहत गौठान, चारागाह का निर्माण किया जा रहा है। जिपं सीईओ ने निरीक्षण के दौरान कहा कि कलेक्टर श्री यशवंत कुमार द्वारा भी गौठान एवं चारागाह की नियमित रूप से मानीटरिंग की जा रही है। इसलिए जरूरी है कि जो भी कार्य दिए जाएं उन्हें समय सीमा में पूर्ण किया जाए। जिपं सीईओ ने तकनीकी अमले से गौठान एवं चारागाह की नियमित रूप से मॉनीटरिंग करने और प्रगतिरत कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में पशुओं के लिए चारा व्यवस्था करने, चारागाह में बुआई के पहले अच्छे से जुताई करने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कापन के गौठान में उपस्थित स्व सहायता समूह को बीज किट का वितरण किया और कहा कि बीज लगाने के दौरान अच्छे से जुताई एवं बुआई करें। इस दौरान जनपद पंचायत अकलतरा मुख्य कार्यपालन अधिकारी सत्यव्रत तिवारी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी एलपी राठौर, सहित विभागीय अधिकारी, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक मौजूद रहे।

### जिला पंचायत सदस्यों को प्रोजेक्टर पर दिखाया 'बदलकर अपना व्यवहार करें कोरोना पर वार

**जांजगीर-चांपा( वॉच ब्यूरो ).** जिला पंचायत सभाकक्ष में गुरूवार को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं जिपं सदस्य सहित जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल की मौजूदगी में 'बदलकर अपना व्यवहार, करें कोरोना पर वार' के चार वीडियो प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाए गए। इन वीडियो के माध्यम से वैश्विक महामारी कोविड-19 से लड़ने वाले कोरोना वारियर्स एवं इस बीमारी से पीड़ितों व उनके परिजनों के प्रति नजरिए में अपनत्व की भावना लाने के बारे में बताया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता चंद्रा का कहना था कि वीडियो से बहुत सी जानकारी मिली है। इस तरह के वीडियो से लोगों को जागरूक करना आसान होता है। लोगों में कोरोना से बचने और पीड़ितों के प्रति नजरिया बदलता है। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी तीर्थराज अग्रवाल ने बताया कि राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि मैदानी अधिकारियों और पंचायत प्रतिनिधियों को 'बदलकर अपना व्यवहार, करें कोरोना पर वार' अभियान के तहत भारत सरकार द्वारा तैयार किए गए वीडियो का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। इसी तारतम्य में वैश्विक महामारी कोविड-19 के प्रसार की रोकथाम के लिए जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों में जागरूकता बढ़ाने, कोरोना वारियर्स एवं इस बीमारी से पीड़ितों व उनके परिजनों के प्रति नजरिए में अपनत्व की भावना लाने तथा इससे बचाव के लिए सुरक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए आजीविका की ओर अग्रसर होने की अपील की गई है।

# नाबालिग दो बहनों की रोकी गई शादी

**परिजन को दी गई समझाइश, बाल विवाह के दुष्परिणाम से अवगत कराया गया**

**बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत की गई कार्रवाई**

**जांजगीर.चांपा( वॉच ब्यूरो ).** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कलेक्टर के मार्गनिर्देशन में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत दो नाबालिग बहनों का 27 जून को होने वाले विवाह पर रोक की कार्रवाई की गई.

जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार एवं जिला एवं महिला बाल विकास अधिकारी चंद्रवेश सिंह सियोदिया द्वारा बाल विवाह संबंधी सूचना प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाई की गयी। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने टीम तैयार कर पुलिस विभाग से समन्वय कर सूचना के आधार पर ग्राम हसौद में एक ही घर के दो बालिकाओं की अंकसूची जांच की गई। जांच में एक बलिका की आयु 17 वर्ष 10 माह और दूसरी बलिका की आयु 16 वर्ष होना पाया गया। इन बालिकाओं का विवाह 27 जून को प्रस्तावित था। दोनों बालिकाओं उनके माता-पिता और स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। समझाईस के पश्चात सरपंच एवं स्थानीय लोगों की उपस्थिति में दोनों बालिका के माता-पिता की सहमति से बालिकाओं का विवाह रोका गया है। दल में अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती मंजूलता सिंह, पर्यवेक्षक श्रीमती अशोक बाईए एसआई चंदन सिह, आरक्षक मंजू सिंहए श्री नरेन्द्र बंजारे और चाइल्ड लाइन के कर्मचारी शामिल थे । ज्ञात हो कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत विवाह के लिए लड़की की उम्र 18 वर्ष तथा लड़के की उम्र 21 वर्ष निर्धारित है। निर्धारित उम्र से कम होने की स्थिति में विवाह करने पर पुलिस विभाग द्वारा अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवाह कराने वाले माता-पिता विवाह में सम्मिलित होने वाले रिश्तेदारए विवाह कराने वाले पंडित के विरूद्ध कार्यवाही की जाती है। अधिनियम के तहत 02 वर्ष का कठोर सश्रम कारावास तथा 01 लाख रूपये के जुर्माने अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान है।

### नि:शक्त जन विवाह प्रोत्साहन योजना की राशि से रूक्खमणी-सत्येन्द्र शुरू करेंगे कम्प्यूटर, फोटोकॉपी का व्यवसाय

**जांजगीर-चांपा( वॉच ब्यूरो ).** राज्य सरकार के समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत नवाागढ़ के ग्राम सिउड़ के नि:शक्त नवदम्पति को एक लाख रूपये प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया। नवदम्पति ने कहा कि आर्थिक रूप से सक्षम बनने के लिए कम्प्यूटर व फोटो कॉपी सेंटर का व्यवसाय प्रारंभ करेगें। वे किसी पर निर्भर नही रहना चाहते है। उनकी स्व-रोजगार की इच्छा नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना से पूरी होगी। उन्होने राज्य सरकार की इस योजना को नि:शक्तजनो को सक्षम बनाने के लिए बहुत उपयोगी बताते हुए आभार व्यक्त किया है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक श्री टीपी भावे ने बताया की नि:शक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत वर या वधु के नि:शक्त होने पर प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित प्रारूप मे आवेदन करना होता है। समाज कल्याण विभाग द्वारा पात्रता अनुसार स्वीकृति प्रदान की जाती है। रूखमणी व सत्येन्द्र दोनो श्रवण बाधित होने पर प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। चेक प्रदान करने के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यनिता यशवंत चंद्रा समेत जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। उन्होंने नवदम्पति को शुकामनाएं भी दी।

# लक्ष्मीनाथ गंगा प्रसाद सेवा ट्रस्ट ने कोरोना वारियर का किया सम्मान, ट्रस्ट के सेवा कार्य सराहनीय समाज ले प्रेरणा : कर्नल मेहता

**जांजगीर-चाम्पा( वॉच ब्यूरो ).** लक्ष्मीनाथ गंगाप्रसाद सेवा ट्रस्ट जांजगीर के द्वारा डॉ सी वी रामन विश्वविद्यालय करगी रोड, श्रीराम तकनीकी संस्थान आईसेक्ट लिंक रोड जांजगीर के संयुक्त तत्वाधान में जांजगीर शहर के कोरोना वारियर्स युवाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सम्मान के साथ नगद सम्मान राशि और आवश्यक किट भी प्रदान की गई. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रजनीश मेहता ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स को देश सेवा के लिए सेना में आगे जाना चाहिए । युवाओं के लिए देश सेवा के कई अवसर उपलब्ध हैं। हम सब अपने कर्तव्यों का पालन कर भी देश सेवा कर सकते हैं, लक्ष्मीनाथ गंगा प्रसाद सेवा ट्रस्ट का कैडेट्स के उत्साहवर्धन हेतु आभार समाज को ट्रस्ट से प्रेरणा लेनी चाहिए। रामकुमार तिवारी अध्यक्ष ने कहा कि एनसीसी कैडेट्स का कोरोना असलम सर मैं पूरा मेल कर दिया हूं, आपको लेटर 7 लेटर है एक लेटर में बस उसके पिताजी का नाम नहीं है और एड्रेस नहीं है उसको आप बता देता हूं, आपको निकाल कर के पूरा संकटकाल में सेवा कार्य सराहनीय है। इन युवाओं ने संकट की घड़ी में तपती धूप में अपनी निस्वार्थ सेवा दी। इनका अनुशासन एवं कर्तव्य पालन के प्रति समर्पण उत्कृष्ट है। न्यास सेवा हेतु तत्पर है। इस संकट घड़ी में जो भी सहयोग होगा न्यास तत्पर रुप से उसे करेगा। सम्मान समारोह के अवसर पर अरविंद कुमार तिवारी विशिष्ट अतिथि रमन विश्वविद्यालय ने कहा कि डॉ सी वी रामन विश्वविद्यालय अपने स्थापना काल से ही उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करता रहा है। साथ ही साथ सतत रूप से अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वहन करता रहा है । उन्नत भारत अभियान के तहत कोटा के आसपास के 5 गांव को गोद लेकर उसका विकास समुचित रूप से किया जा रहा है । कोरोना काल में पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों से सहयोग किया गया है । एनसीसी कैडेट्स का कार्य सराहनीय है। कार्यक्रम में जांजगीर शहर के बैंकों को 5 लीटर सेनीटाइजर एवं फेस शिल्ड तथा मास्क का वितरण किया गया। जांजगीर जिले के एनसीसी कैडेट्स स्काउट गाइड के कैडेट्स एवं एनएसएस के विद्यार्थियों को आवश्यक कीट फेस शिल्ड मास्क एवं ?500 की सहायता प्रोत्साहन राशि का चेक प्रदान किया गया । उन्होंने बताया कि युवाओं के उत्साह वृद्धि हेतु ट्रस्ट सतत रूप से कार्य करता रहेगा। इसके पूर्व कोरोना महामारी में सहायता के लिए ट्रस्ट के द्वारा ?1,11, 000 की राशि मुख्यमंत्री राहत कोष में एवं 51, 000 हजार रुपए की सहायता राशि प्रधानमंत्री फंड में भी प्रदान की गई थी । महाविद्यालय के प्राध्यापक केपी कुर्रे ने स्वागत भाषण दिया । कार्यक्रम का संचालन जिले के एनसीसी अधिकारी दिनेश चतुर्वेदी एवं टीसीएल महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉक्टर मनीराम बंजारे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ के पी कुर्रे, डॉ रामगोपाल राठौर, सातवीं बटालियन के एडम अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल भारत छेत्री, ट्रस्ट के ऋषि कुमार तिवारी, अनुराग तिवारी, सत्य प्रकाश कश्यप, आशीष कश्यप, सोनू शुक्ला अंकित दुबे, एसबीआई के मुख्य शाखा के प्रतिनिधि प्रकाश चंद्र सिंह, एसबीआई नैला महेंद्र साहु, सहकारी बैंक से आर एल तिवारी स्काउट प्रभारी पूरन पटेल एवं नगर के समाजसेवी डॉ प्रतीक यादव विशेष रूप से उपस्थित थे।

**सेवा ट्रस्ट - एक परिचय**

लक्ष्मीनाथ गंगा प्रसाद सेवा ट्रस्ट की स्थापना जून 2016 में ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष रामकुमार तिवारी के द्वारा अपने पांचों भाई राजकुमार तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, ऋषि कुमार तिवारी, बसंत कुमार तिवारी के साथ मिलकर की गई। ट्रस्ट संस्थापक अध्यक्ष के पिताजी स्वर्गीय गंगा प्रसाद तिवारी एवं दादा स्वर्गीय लक्ष्मी प्रसाद तिवारी के नाम पर है। गंगा प्रसाद तिवारी संस्कृत के विद्वान एवं समाजसेवी व्यक्ति थे। उन्होंने उस समय शिक्षा को प्राथमिकता में रखकर आभाव में संघर्ष करते हुए अपने सभी संतानों को उच्च शिक्षा प्रदान की तथा गांव में बहुओं को पढ़ाने का चलन प्रारंभ किया। ट्रस्ट अपने स्थापना वर्ष से ही पर्यावरण जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण, गरीब बच्चों को शिक्षा हेतु सहायता आदि सेवा कार्य करता रहा है। करोना संकट के अवधि में माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा सहायतार्थ मुख्यमंत्री राहत कोष में 1,11, 000 सहायता राशि एवं प्रधानमंत्री राहत कोष में 51 हजार की राशि प्रेषित की गई।



# संपादकीय

## अनुचित मूल्यवृद्धि

रविवार को लगातार सोलहवें दिन तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीज़ल के दाम बढ़ाए। कीमत निर्धारण का यह तेल का खेल आम भारतीय की समझ से परे है। अजीब स्थिति है जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम बढ़ें तो भी ठीकरा लोगों के सिर पर फोड़ा जाता है। जब कच्चे तेल की कीमतें बिल्कुल तल से लगी हों तो भी तेल के दामों में निरंतर बढ़ोतरी जारी है। सरकारों का यह फैसला न तार्किक है और न हीं संवेदनशील। कोरोना संकट के चलते आर्थिक मार झेल रही बड़ी आबादी की आय में गिरावट हुई है। बाजार की व्यवस्थाएं सामान्य नहीं हो पायी हैं। कोरोना काल में यह वृद्धि कोढ़ में खाज जैसी ही है। किसी भी तरह से यह सरकारों का संवेदनशील व्यवहार नहीं कहा जा सकता। यह?ठीक है कि कच्चे तेल के शोधन, डीलरों के कमीशन आदि खर्च भी तेल के दाम में जुड़ते हैं, मगर दक्षिण एशिया के किसी भी देश में तेल का बोझ यूं जनता के सिर पर नहीं डाला जाता। जनता उम्मीद लगाये बैठी है कि दुनिया में कच्चे तेल के दामों में आई अप्रत्याशित कमी का लाभ उन्हें मिलेगा, जबकि उलटे तेल के दाम बढ़ते ही जा रहे हैं। निःसंदेह केंद्र और राज्य सरकारें किसी हद तक रेवेन्यू के लिए पेट्रोलियम पदार्थों के टैक्सों पर निर्भर हैं, मगर जरूरी है कि तेल के दाम को न्यायसंगत बनाया जाये, जिसके खिलाफ विपक्ष ने भी सरकार से विरोध जताया था।

फिलहाल, सरकारों के हालात भी खस्ता हैं लॉकडाउन की वजह से पेट्रोल-डीजल की खपत में भारी कमी आई, जिससे रेवेन्यू भी तेजी से घटा है। आर्थिक गतिविधियां ठप पड़ने से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष कर न आने से सरकारों के खजाने खाली हो गये। सरकारें पेट्रोल-डीजल पर टैक्स बढ़ाकर घाटा पूरा करने की जुगत में हैं। वहीं सरकार भी नहीं चाहती कि दुर्लभ विदेशी मुद्रा से आयातित तेल के अधिक उपयोग को बढ़ावा मिले। मान्यता है कि ज्यादा खपत देश-पर्यावरण के हित में नहीं है। लेकिन तेल के दामों में वृद्धि से फिलहाल महंगाई का भी खतरा है। सरकार की दुविधा है कि आर्थिक संसाधन जुटाये या महंगाई को देखे। कुल मिलाकर दोधारी तलवार पर चलने जैसा है। अजीब बात है कि एक ओर सरकार जनता के हाथ में पैसे देकर अर्थव्यवस्था में तरलता बढ़ाना चाहती है, वहीं दूसरी ओर तेल के दाम भी बढ़ा रही है। मगर क्या केंद्र की एक्साइज ड्यूटी व राज्यों की ओर से लगने वाले वैट को तर्कसंगत नहीं बनाया जा सकता? सवाल यह भी कि पेट्रोलियम पदार्थों पर पचास फीसदी से ज्यादा टैक्स क्यों लगाया जा रहा है? निःसंदेह जब तेल पर बेहिसाब टैक्स लगेगा तो कीमतें तो आसमान की ओर चढ़ेंगी। तेल पर सत्तर फीसदी टैक्स लगना किसी भी दृष्टि से न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता। वहीं डीजल के दामों में वृद्धि से महंगाई बढ़ने का खतरा लगातार बढ़ जाता है, जिससे उपभोक्ताओं की जेब पर मार दोहरी पड़ेगी।

# तेल की धार से परेशान क्यों नहीं होती सरकार ?

**कृष्णमोहन झा**

देश में लगभग तीन हफ्तों से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में रोजाना ही बढोत्तरी हो रही है और अब दिल्ली में तो यह तो स्थिति आ गई है कि डीजल की कीमत पेट्रोल से अधिक हो चुकी है। यह अभूतपूर्व स्थिति है।इसके पहले डीजल के दाम पेट्रोल से आगे शायद ही कभी निकले हों। एक समय ऐसा भी था जब डीजल और पेट्रोल के प्रति लीटर मूल्य में तीस रु का अंतर था यह वर्ष 2012 की बात है जब केंद्र में संप्रदा सरकार थी और तब पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर सरकार का नियंत्रण हुआ करता था परंतु संप्रग सरकार ने ही अंतर्राष्ट्रीय बाजार के हिसाब से पेट्रोल की कीमतें तय करने का अधिकार तेल कंपनियों को दे दिया।वर्ष 2014 में डीजल की कीमत तय करने का अधिकार भी तेल कंपनियों को दे दिया गया।इसके पीछे सरकार की यह मंशा थी कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढोत्तरी के लिए उसे जिम्मेदार न ठहराया जा सके। वैसे सरकार के इस फैसले का एक उद्देश्य यह भी था कि जबअंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें घटेंगी तो भारतीय तेल कंपनियां भी उसी अनुपात में देश के अंदर भी पेट्रोल और डीजल के दाम कम करके उपभोक्ताओं को उसका लाभ पहुंचाएंगी परंतु पिछले वर्षों में ऐसे अवसर कम ही आए हैं जब तेल कंपनियों ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में गिरावट का भरपूर लाभ उपभोक्ताओं को पहुंचाया हो। यह समझने के लिए ज्यादा पीछे जाने की जरूरत नहीं है। कोरोना वायरस के प्रकोप को काबू में करने के लिए जब दुनिया के अधिकांश देशों में लाक डाउन चल रहा था तब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतेंअत्यंत निचले स्तर पर आ गई थीं। इस स्थिति को देखते हुए भारतीय तेल कंपनियों ने 15 मार्च के बाद पेट्रोल डीजल के मूल्यों की समीक्षा ही बंद कर दी। लेकिन जून के पहले सप्ताह में जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतो में फिर उछाल आया तो देश की तेल कंपनियों ने फिर कीमतों की दैनिक समीक्षा प्रारंभ कर दी और देश के विभिन्न राज्योंमें पेट्रोल डीजल के दानें में उछाल आना शुरू हो गया पर यह कल्पना किसी को नहीं थी कि एक दिन डीजल की कीमत पेट्रोल से अधिक हो जाएगी। दरअसल ऐसा इस कारण हुआ क्योंकि केंद्र सरकार ने लाक डाउन की अवधि में पेट्रोल से अधिक एक्साइज ड्यूटी डीजल पर बढाई। डीजल पर 16 रु और पेट्रोल पर 13रु ड्यूटी लगाने से बाजार में डीजलऔर पेट्रोल के दाम लगभग एक ही स्तर पर आ गए लेकिन इस मूल्य वृद्धि से रोजमर्रा की जीवनोपयोगी वस्तुओं की कीमतें भी बढना तय है जिसके फलस्वरूप गरीब और मध्यमआय वर्ग की तकलीफों जो इजाफा होगा उसकी किसी को कोई परवाह नहीं है। केंद्र और राज्य सरकारों ने मौन साध रखा है।जनता को इस मुसीबत में थोड़ी भी राहत प्रदान करने के लिए दोनों में से कोई पहल हेतु तैयार नहीं है। कोरोना संक्रमण के कारण काफी समय तक आर्थिक गतिविधियों के ठप पड़े रहने से गरीब और अल्प आय वर्ग के लोगों की कठिनाइयों में पहले ही इतना इजाफा हो चुका है कि अब उनका



**आल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस का कहना है कि माल की डिलीवरी में तीन चार दिन लगते हैं और आज की स्थिति तो यह है कि रोजाना ही डीजल के दाम बढ़ रहे हैं इसलिए ट्रांसपोर्टर यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि वे भाडा किस तरह तय करें। डीजल के दाम बढने से किसानों की मुश्किलों में भी इजाफा होना तय है। कृषि कार्यों में डीजल की बहुत खपत होती है। डीजल के दाम बढने के बाद किसानों की ओर से भी राहत की मांग उठने लगी है। किसानों के प्रति संवेदनशील होने का दावा करने वाली सरकारें अब इ स मामले में ज्यादा दिनों तक उदासीन रुख नहीं अपना सकतीं पेट्रोल और डीजल की मूल्य वृद्धि की समस्या इतनी जटिल हो चुकी है कि अब सरकार का हस्तक्षेप आवश्यक प्रतीत होने लगा है देखना यह है कि सरकार को कब ऐसा महसूस होता है।**

जीवन दूभर हो गया है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में हो रही बेतहाशा वृद्धि से लोगों को होने वाली कठिनाईयों का अहसास तो केंद्र और राज्य सरकारों को भी है परंतु उनके लिए आमदनी बढ़ाने का सबसे आसान उपाय हमेशा से यही रहा है कि पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी और वैट की दरों में बढोत्तरी कर दी जाए। यह सिलसिला पिछले कई.सालों से चला आ रहा है कि पहले तो सरकारें पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर लगातार हो रही मूल्यवृद्धि पर मौन साधे रहती हैं और जब मूल्यों में काफी इजाफा हो चुका होता है तो बाद में थोड़ी सी राहत प्रदान करने की पहल की जाती है लेकिन ऐसी स्थिति यदा कदा ही आती है कि पेट्रोल और डीजल के दाम अपने उस स्तर पर वापस जाएं जहां से उनके बढने का सिलसिला प्रारंभ हुआ था। केंद्र और राज्य सरकारों के पास अपने अपने तर्क हैं जो जनता के गले नहीं उतरते लेकिन जनता को यह तो मालूम ही है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में आश्चर्यजनक गिरावट आने पर भी देश के अंदर उसी अनुपात में पेट्रोल और डीजल के दाम कभी नहीं घटाए जाते लेकिन जब अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में उछाल आता है तो भारतीय तेल कंपनियां सारे घाटे की पूर्ति के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढोत्तरी करने में कोई देर नहीं करतीं। दरअसल सरकार तेल कंपनियों पर दबाव बनाना भी नहीं चाहती क्योंकि तेल पर एक्साइज ड्यूटी उसकी आमदनी का महत्व पूर्ण जरिया है।जब केन्द्र सरकार एक्साइज ड्यूटी बढाती है तो राज्य सरकारों को भी पेट्रोल और डीजल पर वैट की दरों में बढोत्तरी करने का एक बहाना मिल जाता है। यह सिलसिला निकट भविष्य थमने के कोई आसार नहीं है। पेट्रोल और डीजल को उन वस्तुओं में शामिल नहीं किया गया है जो जी एस टी के दायरे में आती हैं इसलिए सभी राज्यों में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई समानता नहीं है। जबसे केंद्र सरकार ने भारतीय तेल कंपनियों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों के अनुसार देश के अंदर तेल की कीमतें तय करने की छूट प्रदान की है तब से ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का सिलसिला कुछ इस तरह प्रारंभ हुआ है कि तेल की कीमतों का गणित लोगों की समझ के बाहर की बात हो गई है।जब तेल कंपनियां रोजाना ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा करती हैं तो सरकार यह तर्क देकर पूरे मामले से पल्ला झाड़ा लेती है कि उसके हाथ में कुछ नहीं है क्योंकि जो कुछ करना तेल कंपनियों को करना है और तेल कंपनियों पर उसका नियंत्रण नहीं है मगर जब चुनाव का समय आता है तो महीने दो महीनों के लिए आश्चर्यजनक रूप से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढोत्तरी का यह सिलसिला अचानक थम जाता है और चुनाव परिणामों की घोषणा होते ही वही ढाक के तीन पात वाली कहावत चरितार्थ होने लगती है। सरकार भले ही ईंधन की कीमतों में बढोत्तरी होने में अपना कोई हाथ न होने का तर्क देकर यह मान ले कि जनता को अपने तर्क से संतुष्ट करने में उसे सफलता मिल गई है परंतु ऐसा मान लेना सरकार की गलत फ़हमी भी हो सकती है। सरकार इस बात से कैसे इंकार कर सकती है कि केंद्रीय स्तर पर पेट्रोल और डीजल पर लगाई जाने वाली एक्साइज ड्यूटी और राज्य सरकारों द्वारा लगाया जाने वैट की पेट्रोल और डीजल की कीमतों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अगर केंद्र और राज्य सरकारें एक्साइज ड्यूटी और वैट की दरों में कमी कर दें तो उपभोक्ताओं को राहत मिल सकती है परंतु केंद और अधिकांश राज्य सरकारों द्वारा ऐसा कोई त्याग करने के अवसर कम ही आते हैं। नतीजतन उपभोक्ता के सामने मन मसोस कर रह जाने के अलावा और दूसरा कोई रास्ता नहीं बचता। हां यह भी विशेष गौर करने लायक बात है कि हमारे यहां पेट्रोल और डीजल की लगातार बढती कीमतों से आम जनता और किसानों की तकलीफें बढना तय है। पेट्रोल की मूल्य वृद्धि से जहां उपभोक्ता की जेब ढीली होगी वहीं डीजल के दामों हो रही अंधाधुंध बढोत्तरी से जो परिवहन लागत बढेगी उसे ध्यान में रखते हुए ट्रांसपोर्टर भाडा बढ़ाने की घोषणा कर चुके हैं।

# हमारे देश की अस्मिता व रक्षा के लिए- राजनीतिक दलो एक मत होना जरूरी


हमें अपने देश के लिए समर्पित रहना चाहिए। सबसे पहले हमारा देश आता है, इसके बाद हमारा शहर और घर परिवार, हमारे देश की सुरक्षा के लिए हमारे देश के वीर जवान चौबीसों घंटों देश की सीमा रेखा पर चौकसी करते रहते हैं। तैनात रहते हैं। अपनी जान की बाजी, हर पल, हर क्षण लगाए रहते हैं। वैसे तो यह विश्व की कुंठित और विकृत मानसिकता है। कि वह किसी दूसरे देश की सीमा रेखा के पार कोई, विध्वंस सीमा रेखा के पार कब्जा करने की कोशिश और गोलीबारी करता है। विश्व के सभी देशों की सीमा रेखाएं बटी हुई हैं। कुछ देशों की सीमा रेखाएं जो कि विवादित हैं- जिन का हल सत्यता के आधार पर संयुक्त राष्ट संघ को या दोनों देशों को आपसी सहमति से हल कर लेना चाहिए। आज के समय में छोटी- छोटी सी बातों को लेकर पूरे देश को युद्ध की आग में झोकना युद्ध का माहौल बनाना उचित प्रतीत नहीं होता, यह मानवता की बर्बादी के सिवा और कुछ भी नहीं है, आज का समय मानव की जीविकोपार्जन हेतु उत्पन्न समस्याओं से लड़ने का है जैसे गरीबी, पानी की कमी बेरोजगारी, शिक्षा, चिकित्सा जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर चलने की जरूरत है। किंतु विश्व के कुछ देश आज भी 21वीं सदी में पिछड़े हुए से मालूम पड़ते हैं, देश आधुनिक हैं- सारी भौतिक सुख सुविधाएं उपलब्ध हैं- लेकिन उनके कर्ता-धर्ताओ की सोच पिछड़ी हुई है, विकृत है, बिना सोचे समझे किसी दूसरे देश को परेशान करना, किसी दूसरे देश में आतंक फैलाने के लिए लोगों को प्रशिक्षित कर आतंकवाद फैलाना किसी देश की सीमा रेखा पर जबरन दादागिरी पूर्ण कब्जा जमाने की कोशिश करना। यह तो ठीक वैसे ही हो गया जैसे मोहल्ले में अगर किसी के घर में- बम गोला बारूद तलवार बंदूकें हैं तो उससे सारा मोहल्ला डरेगा। किंतु कानूनन वह असामाजिक तत्व कहलाता है। विश्व स्तर पर इस प्रकार के देशों को क्या कहा जाए ? इसी प्रकार आज पूरे विश्व में मानवता को मारने के लिए ना जाने कितने हथियार अणुबम और परमाणु बमों का बड़े- बड़े विकासशील तथाकथित विकासशील देशों ने इंतजाम करके रखा है। क्यों मानवता का क़त्ल करने, मानवता को मारने के लिए। यह उनकी विकसित मानसिकता का विकृत स्वरूप है। दादागिरी है गुंडागर्दी है। विश्व में आसामाजिकता है, इसी प्रकार विश्व में जाति धर्म और पंथ की लड़ाई मानवता के नाम पर कलंक है। अगर आज का इंसान इतना नहीं समझ पाया कि हम सब एक ही परम पिता ईश्वर की संतान हैं, केवल मानव ही नहीं इस जगत के सब प्राणी भी एक ही ईश्वर, एक ही सत्ता से संचालित हैं। तो हमारे विकसित होने और हमारे चांद पर जाने का क्या फायदा ? जब हम इस प्रकृति में ही जाति के आधार पर धर्म के आधार पर, पंथ के आधार पर, मजहब के आधार पर, रंग के आधार पर, एक दूसरे को मार काट रहे हैं। तो हम कैसे सभ्य हैं तो हम कैसे विकसित हैं। तो हम कैसे शिक्षित हैं। ईश्वर कभी भी किसी को मारने की इजाजत तुम्हें दे ही नहीं सकता। यह सब तुम्हारी विकृत मानसिकता और ओछी सोच का ही परिणाम है। जो आज तुम मानव के लिए ही इतनी सारी बंदूकें इतने सारे गोला बम बारूद अणुबम- परमाणु बम लिए बैठे हो। क्या तुम्हें अपनी शिक्षा और योग्यता पर विश्वास नहीं है ? क्या तुम्हें अपनी मानवता पर विश्वास नहीं है ? क्या तुम विकसित होने के बाद भी, क्या तुम शिक्षित होने के बाद भी, एक दूसरे पर घात करने की कोशिश करते हो, क्या तुम सारे विश्व में अपना परचम अपने बम गोला बारूद और अणुबम परमाणु बम के बल पर वर्चस्व पर लहराना चाहते हो। तो धिक्कार है, तुम्हारी योग्यता पर तुम्हारी मानवता पर आज कहने को तो हम आधुनिक युग में जी रहे हो लेकिन तुम्हारी सोच पांचवी और छठवीं शताब्दी जैसी है, हम भौतिक साजो सामान से तो विकसित और आधुनिक हो गए हैं। हम अपने शरीर के कपड़ों से तो विकसित हो गए हैं, लेकिन हमारी आत्मा आज भी अविकसित सुप्त अवस्था में है। हमारी आत्मा आज भी जागृत नहीं हुई है। और जब तक मनुष्य की आत्मा जागृत नहीं होती वह आधुनिक हो ही नहीं सकता ।जागृत आत्मा दूसरों के दर्द को पहचानती है, वाह मानवता और प्राणियों के दर्द को समझती है, वह किसी को मारना नहीं प्रेम करना सिखलाती है, वह किसी समस्या का हल बैठकर ईमानदारी पूर्वक करना सिखलाती है। उसमें धोखा छल कपट और विश्वासघात जैसी कुंठित प्रक्रियाओं के लिए कोई स्थान नहीं होता। जब तक हम इस स्थिति में नहीं पहुंच जाते तब तक हम ना तो विकासशील हैं और ना ही विकसित हैं। हमें मानवता को सर्वोच्च शिखर पर मानकर सारी दुनिया में प्रेम प्यार श्रद्धा का फैलाव करते हुए सारे भेदभाव को जातिगत भेदभाव, धर्मगत भेदभाव, पंथगत भेदभाव मजहबवादी भेदभाव, और रंग संबंधी भेदभाव को मिटाने की जरूरत है। तभी हम विकसित देश कहलाएंगे हमारे देशों की सीमाएं पहले से बटी हुई है। गोला बम बारूद अणु बम और परमाणु बम के बल पर हम किसी की सीमा में कब्जा ना करें, अगर हमने गलती से कब्जा कर भी लिया है तो मानवता के दृष्टिकोण से उसे छोड़ दें, सत्य की राह पर चलें। सत्यमेव जयते- सत्य की हमेशा विजय होती है। तभी सारे विश्व के मानवों का कल्याण संभव है। तभी हम वास्तव में विकसित मानव कहलाएंगे। विकसित देश के विकसित मानव। हमारे देश के राजनीतिज्ञों को भी ईश्वर सद्बुद्धि दे कि वे देश से ऊपर ना जाएं, देश से ऊपर ना तो कोई राजनीतिक पार्टी है, और ना ही कोई व्यक्ति सभी राजनीतिक पार्टियां मिलकर लोकतंत्र पर अपना भरोसा दिखाएं और जो वास्तविकता है। लोकतंत्र के माध्यम से आज जिनके पास सत्ता है पूरी ईमानदारी के साथ देश हित में उनका साथ दें। यही सच्ची राजनीति है। और यही सच्ची देशभक्ति और यही सच्चा देश प्रेम है। और यही सच्ची देश सेवा है अन्यथा सब राजनीतिक पार्टियां केवल और केवल सत्ता सुख की?

**प्रस्तुति....के. के. पाठक डगनिया**

# पार पा ही लेंगे

**रेखा श्रीवास्तव**

कोरोना ने ऐसे पैर पसारे कि हर तरफ त्राहि-त्राहि मच रही है। लंबे लॉकडाउन ने कई लोगों को दुखी किया और अंततः उन्हें घर जाने की सूझी। मरना ही है तो अपने घर पहुंच कर अपनों के बीच मरेंगे। अब कई तरह के सवाल उनके सामने हैं। फिर भी मन में विश्वास है कि समस्याओं से पार पा ही लेंगे। यह उनकी जिजीविषा ही थी जो उनको बिना साधनों के सैकड़ों मील के दूरी पैदल नापने के लिए तैयार हो गए। चल दिए सब कुछ समेटकर। गर्भवती पत्नी, दुधमुंहे बच्चे, वृद्ध माता-पिता को लेकर। इन्हें अपने घर पहुंच कर भी ढेरों समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। इधर ये घर के सपने बुनते हुए जा रहे हैं और उधर, अफरा-तफरी मची कि ये लोग जितना लम्बा रास्ता तय करके आ रहे हैं। कहीं कोरोना किसी के साथ न आ जाये? पता नहीं कितने लोग साथ आ रहे होंगे? क्या सब लोग उतनी आत्मीयता से मिल पायेंगे? घर पहुंच कर सब बाहर ही मिले और उसको कह दिया गया कि वह ऊपर बनवाए हुए कमरे में अपने सामान सहित चले जाएं। देखो अभी-अभी तुम बाहर से आ रहे हो, पता नहीं कितने लोगों के साथ में सफर करके आ रहे हो तो अभी फिलहाल कुछ दिनों तक तो तुमको हम सबसे दूर रहना ही चाहिए। फिर तुम्हें कौन-सा यहां हमेशा रहना है। बीमारी ख़त्म हो जायेगी तो वापस चले ही जाना है।




कितने कष्टों से जूझते हुए वह लोग घर आये थे और घर में आकर यह नया क्वारंटाइन भी झेलना पड़ेगा इसकी तो कल्पना भी नहीं की थी। यह वही घर और माता-पिता और भाई, बहन हैं, जो इससे पहले घर आने पर आगे-पीछे घूमते रहते थे। अब जो घर लौटे हैं तो वापस जाने के लिए नहीं। शहर की चकाचौंध गांव वालों को समझ आती है। वहां की हाड़ तोड़ मेहनत किसे दिखेगी? अब गांव में स्कूल हैं, सड़कें हैं तो दुकान भी डाल लेंगे तो वहां से अच्छे तब भी रह लेंगे। न मकान का किराया लगना है। खाने-पीने के लिए खेती से मिल ही जाएगा। बहुत दिनों तक घर और घर वालों से दूर रह लिए, अब अपनी घर-जमीन पर ही रहेंगे। खुदा न खस्ता कोरोना हो जाता तो ये पत्नी, बच्चे तो कहीं के न रहते। कहां किस अस्पताल में पड़ा होता और अगर मर मरा जाता तो फिर किसी को शक्ल भी देखने को न मिलती। यही रोड के किनारे कोई दुकान डाल लूंगा। अगर दुकान न चली तो फिर क्या करेंगे? घर पहुंचकर भी उन लोगों को चैन नहीं मिल रहा है। एक यक्ष प्रश्न अभी प्रवासी मजदूरों के सामने भयानक रूप लिए आज खड़ा है और जब तक हल न मिले ये खड़ा ही रहेगा।

# जन्म संबंधी रोगों की जड़ें तलाशने की कोशिश

**मुकुल व्यास**

मनुष्य को होने वाली बीमारियों के कारणों को गहराई से समझने और उनका उपचार खोजने के लिए वैज्ञानिक मानव भ्रूण के तरह-तरह के मॉडल विकसित कर रहे हैं। उन्होंने मानव विकास के प्रारंभिक चरण के अध्ययन के लिए मानव भ्रूण की स्टेम कोशिकाओं से एक गैस्ट्रुलॉएड मॉडल तैयार किया है। यह मॉडल 18-21 दिन के भ्रूण के महत्वपूर्ण तत्वों का प्रतिनिधित्व करता है। इस मॉडल को 'गैस्ट्रुलॉएड' भी कहा जाता है। ब्रिटेन की कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी और हॉलैंड के ह्यूब्रेख्त इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित इस मॉडल से मानव विकास के नक्शे या ब्लूप्रिंट से जुड़ी प्रक्रियाओं को आसानी के साथ देखा जा सकता है, जिनका सीधा पर्यवेक्षण अभी तक संभव नहीं था। इन प्रक्रियाओं को समझ कर मनुष्य में जन्म संबंधी गड़बड़ियों और बीमारियों के मूल कारणों का पता लगाया जा सकता है। इनके आधार पर गर्भवती महिलाओं के लिए टेस्ट विकसित किए जा सकते हैं।

किसी जीव के विकास का ब्लूप्रिंट एक खास प्रक्रिया से उभरता है। इस प्रक्रिया को 'गैस्ट्रुलेशन' कहा जाता है। गैस्ट्रुलेशन के दौरान भ्रूण में कोशिकाओं की तीन विशिष्ट परतें बनती हैं जो आगे चलकर शरीर की मुख्य प्रणालियों को जन्म देती हैं। इनमें से एक परत, एक्टोडर्म कहलाती है, जिससे स्नायु तंत्र बनता है। दूसरी परत को मिसोडर्म कहते हैं, जिससे मसल बनते हैं। एंडोडर्म तीसरी परत होती है, जिससे आंतें बनती हैं। गैस्ट्रुलेशन को अक्सर मानव विकास की 'ब्लैक बॉक्स' अवधि भी कहा जाता है। कानूनी बंदिशों के कारण प्रयोगशाला में मानव भ्रूण को 14 दिन से अधिक अवधि तक



विकसित करने की अनुमति नहीं है।

गैस्ट्रुलेशन 14 दिन बाद शुरू होता है। जन्म संबंधी कई विकार इस अवधि में उत्पन्न होते हैं। ये विकार एल्कोहल, दवाओं, रसायनों और इंफेक्शनों से संबंधित हैं। गैस्ट्रुलेशन की अवधि को बेहतर ढंग से समझ कर बांझपन और मिसकैरिज जैसी समस्याओं तथा आनुवंशिक गड़बड़ियों पर नई रोशनी डाली जा सकती है। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के आनुवंशिक विभाग के प्रोफेसर एलफांसो मार्टिनेज एरियास ने इस अध्ययन का नेतृत्व किया है। उनका कहना है कि हमारा मॉडल मानव ब्लूप्रिंट के एक हिस्से को दर्शाता है। अध्ययन में रिसर्चरों ने मानव भ्रूण की स्टेम कोशिकाओं से कोशिकाओं की त्रिआयामी संरचना तैयार करने की विधि बताई है। रिसर्चरों ने इन भ्रूण मॉडलों में 72 घंटे बाद अभिव्यक्त हुए जीनों को देखा। इससे उन्हें उस घटना के स्पष्ट संकेत मिले, जहां से मसल, हड्डियों और कार्टिलेज की कोशिकाओं के निर्माण का सिलसिला आरंभ होता है।अभी तक वैज्ञानिक गैस्ट्रुलेशन की प्रक्रिया के अध्ययन के लिए चूहों और जेब्राफिश के मॉडल पर निर्भर थे लेकिन इन मॉडलों के आधार पर यह तय करना मुश्किल था कि मानव भ्रूण में कोशिकाएं कब विशिष्ट रूपों में विकसित होती हैं। दूसरी बात यह है कि जानवरों के मॉडल कुछ दवाओं पर अलग-अलग ढंग से रेस्पांस देते हैं। मसलन, मॉर्निंग सिकनेस के लिए एक दवा चूहों पर परीक्षण के बाद क्लिनिकल ट्रायल में पास हो गई थी लेकिन मनुष्यों पर इसके प्रयोग के बाद जन्म संबंधी गड़बड़ियां देखी गईं। रिसर्चरों ने कहा कि इन्हीं कारणों की वजह से मानव विकास के बेहतर मॉडल विकसित करना आवश्यक है। यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन की प्रोफेसर जॉयस हार्पर ने कहा कि गैस्ट्रुलेशन हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण है। लेकिन अभी तक हम मनुष्यों में इसका अध्ययन नहीं कर पाए हैं। इस नए मॉडल से हम मानव के विकास के प्रारंभिक चरण को ज्यादा बेहतर ढंग से समझ पाएंगे और यह भी जान पाएंगे कि गड़बड़ी कहां हो रही है। मानव भ्रूण के मॉडल को लेकर सभी देशों में रिसर्च नहीं हो पाएगी। इस क्षेत्र में कार्य करने वाले रिसर्चर 14 दिन के नियम का पालन करते हैं। 14 दिन से ऊपर मानव भ्रूण पर रिसर्च करना नैतिक दृष्टि से वर्जित है। लेकिन ब्रिटेन और जापान में इस तरह के मॉडलों पर रिसर्च करने की अनुमति है क्योंकि ये भ्रूण मॉडल आगे विकसित नहीं हो सकते। इसकी वजह यह है कि इन मॉडलों में मस्तिष्क कोशिकाएं नहीं होतीं। आवश्यक टिशुओं के अभाव में इनको गर्भाशय में प्रत्यारोपित नहीं किया जा सकता। अमेरिका में इस तरह के मॉडल तैयार करने या उन्हें नष्ट करने पर रोक है।

इस बीच, अमेरिकी रिसर्चरों ने एक ऐसा भ्रूण बनाया है, जिसमें चूहे की कोशिकाओं के साथ मानव कोशिकाएं भी हैं।

# खुद गलकर ही बीज खिलाता है पुष्प

**योगेन्द्र नाथ शर्मा**

भारतीय जीवनदर्शन में जरूरतमंद की मदद को बड़ा महत्व दिया गया है। देश में एक संस्कृति रही है कि हम वंचित समाज को दान-दक्षिणा देकर जीवन की जरूरतों में सहयोग करने पर विचार करते हैं। यहां एक विचारणीय प्रश्न यह भी उभरता है कि परिस्थितिवश मुश्किल में पड़े व्यक्ति की तो मदद की जानी चाहिए। इसमें किसी आपदा या दुर्घटना में शामिल व्यक्ति भी शामिल है। लेकिन यदि किसी ने स्वस्थ रहते हुए मांगकर या दी हुई सहायता को ही जीवनयापन का जरिया बना लिया तो क्या इसे तार्किक माना जाये? क्या उसे इस तरह मुफ्त की सहायता लेने का हक है? कहीं हम उसे अकर्मण्य तो नहीं बना रहे हैं? यदि हम किसी की मदद करते हैं तो उसमें यह?भाव जरूर आना चाहिए कि इस परिस्थिति से उबर कर मैं शीघ्र स्वावलंबी बनूं। कुछ रचनात्मक सोचकर आय का जरिया तलाशूं। कुल मिलाकर मदद प्रेरक होनी चाहिए, जो उसे स्वाभिमान से जीना सिखाये।इसी विचार की कड़ी में एक बेहद प्रेरक प्रसंग पढ़ने को मिला, जो व्यथित अन्तर्मन को बहुत शांति प्रदान करता है। जो पाने के हक के गहरे निहितार्थों को सहजता से बताता है। निःसंदेह प्रेरणादायी प्रसंग जीवन को नई दृष्टि देता है।'एक रेलवे स्टेशन पर एक भिखारी रोज़ भीख मांगा करता था। एक दिन सूटेड-बूटेड व्यक्ति से उसने भीख मांगी, तो उसने कहा कि मैं तुम्हें भीख क्यों दूं? क्या तुम मुझे बदले में कुछ दोगे? भिखारी बोला— 'साहब, मैं तो खुद मांगता हूं, भला मैं क्या दे सकता हूं।'

उस सेठ ने भीख नहीं दी और चला गया। उधर भिखारी के मन में उसके शब्द गूंजने लगे कि तुम क्या दोगे जो मैं तुम्हें कुछ दूं। उसने देखा कि स्टेशन के बाहर काफी फूल लगे हुए हैं, जो दूसरे दिन मुरझा जाते हैं। उसने कुछ अच्छे फूल तोड़े और भीख देने वाले को फूल भेंट कर दिया। लोगों को अच्छा लगा और उसे भीख ज्यादा मिलने लगी।

कुछ दिन बाद वही सेठ स्टेशन पर भिखारी को मिला और फूल देकर बोला कि आपने मुझे लोगों को कुछ देने को कहा था, सो अब मैं ये फूल देता हूं। सेठ ने उसे बताया कि ये फूल तुम अपने परिश्रम से नहीं उगाते, इसलिए ये तुम्हारे तो नहीं हैं न? और सेठ ने भीख नहीं दी तो भिखारी ने उसकी बात पर फिर सोचा तो उसने अपनी झोपड़ी के पास खाली जमीन पर फूल उगाने शुरू कर दिए। कुछ दिन बाद दो सूटेड-बूटेड व्यक्ति स्टेशन पर आमने-सामने थे। एक ने कहा— 'आपने मुझे पहचाना?' दूसरा बोला कि हम तो पहली बार मिले हैं, तो पहले ने कहा कि श्रीमान हम तीसरी बार मिल रहे हैं। मैं वही भिखारी हूं, जिसे आपने भीख नहीं दी थी, तो मैं लोगों को स्टेशन से फूल तोड़कर भेंट करने लगा। आपने फिर कहा था कि ये मेरे परिश्रम से उगाए हुए तो नहीं हैं तो मैंने झोपड़ी के पास जमीन पर फूल उगाए और आज मैं फूलों का व्यापारी बन गया हूं। अब भीख नहीं मांगता, बल्कि लोगों को जीविका देता हूं। आपका ऋणी हूं कि आपने मुझे जीवन का सबसे बड़ा मंत्र दिया कि 'लेना ही सब कुछ नहीं होता, हमें देना आना चाहिए।' सेठ बोला— 'मित्र, आज आप मेरी तरह सच्चे व्यापारी बन गए हैं और अब आपसे हाथ मिलाना मेरे लिए गर्व की बात है।' हाथ मिलाकर दोनों अपनी-अपनी मंज़िल की ओर चले गए।

इस प्रसंग के बाद मुझे अपना ही एक मुक्तक याद आ गया, जो इसी भाव को विस्तार देता है :-

'कुछ देकर ही कुछ मिलता है।
दुख सहकर ही सुख मिलता है।
है अटल नियम इस सृष्टि का,
बीज गलकर ही पुष्प खिलता है।'

निःसंदेह, जब तक हम 'देना' नहीं सीखते, हमें 'लेने' का अधिकार भी नहीं मिल सकता। अंग्रेजों ने तो बहुत साफ-साफ नियम बनाया है 'गिव एंड टेक' अर्थात् पहले दो, फिर लो।

## संक्षिप्त खबरें

### नक्सलियों ने CISF जवानों पर हमला कर, वॉकी-टॉकी और मोबाइल लूटकर ले गए



**दंतेवाड़ा वॉच ब्यूरो।** दंतेवाड़ा जिले बचेली आकाश नगर में शनिवार को नक्सलियों ने सीआईएसएफ़ के जवानों पर हमला कर दिया । नक्सलियों ने जवानों के साथ मारपीट भी की और वॉकी-टॉकी व मोबाइल लूटकर भाग गए। इस घटना में सीआईएसएफ़ का एक एएसआई जख्मी हुआ है। एसपी अभिषेक पल्लव ने घटना की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि बचेली से सीआईएसएफ़ के जवान आकाशनगर की ओर पैदल पेट्रोलिंग पर निकले थे। इसी बीच मौके पर 10-12 की संख्या में नक्सली ग्रामीण वेशभूषा में पहुंचे और जवानों से वॉकी-टॉकी की मांग की। जवानों द्वारा मना करने पर नक्सलियों ने इन पर पत्थरों से हमला कर दिया।

### पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्म श्री पुरस्कार हेतु 15 अगस्त तक नामांकन प्रस्ताव

**उत्तर बस्तर कांकेर।** सामान्य प्रशासन विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पुरस्कार वर्ष 2020-21 के लिए पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कार हेतु नामांकन प्रस्ताव मंगाई गई है। जिले के ऐसे योग्य व्यक्ति जो पद्म विभूषण, पद्म भूषण तथा पद्म श्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित पात्रता एवं मापदंड रखते हैं, वे अपना नामांकन प्रस्ताव अपर कलेक्टर उत्तर बस्तर कांकेर को 15 अगस्त तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

### धान एवं अरहर बीच तथा कृषि दवाई का वितरण



**उत्तर बस्तर कांकेर।** हरित क्रांति विस्तार योजना अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा ग्राम पंचायत गढ़पिछवाडी में धान बीज, अरहर बीज एवं कृषि दवाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के कृषि स्थायी के सभापति नरोत्तम पटौदी, जनपद अध्यक्ष कांकेर के अध्यक्ष राम चरण कोर्राम, कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत कांकेर के सभापति ईश्वर कावडे, ग्राम पंचायत सरपंच गढ़पिछवाडी गोविंद दर्रो, उप संचालक कृषि नरेंद्र नागेश, सहायक संचालक कृषि सूरज पंसारी एवं अनुविभागीय अधिकारी कृषि जितेन्द्र कोमरा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी मेश्राम सहित कृषि विभाग के मैदानी कर्मचारियों एवं किसान मित्रों तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### शहर में पसरा, ठेला लगाने वालों व्यक्तियों से ऋण सुविधा हेतु आवेदन आमंत्रित

**उत्तर बस्तर कांकेर।** आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा शहर में पसरा, ठेला लगाने वाले शहरी पथविक्रेताओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, जिसमें न्यूनतम दस्तावेजों में बैंक व माइक्रो फाइनेस कम्पनी द्वारा 10 हजार रूपये का वार्षिक ऋण प्रदाय किया जा रहा है, जिसमें उन्हें 7 प्रतिशत् ब्याज में छुट भी दी जायेगी। सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन नगर पालिका परिषद कांकेर के द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन किश्त जमा करने पर 1200 रूपये तक का केस बैक (पैसा वापस) होगा। यह योजना शहर में चाय-नाश्ता ठेला, फल एवं सब्जी का ठेला व पसरा लगाने वालों के लिए लागू की गई है। योजनांतर्गत सालभर में ऋण को समय पर वापस करने वालों को दूसरी बार ऋण प्राप्त हो सकता है। इच्छुक व्यक्ति अपना ऋण फार्म भरने के लिए नगर पालिका परिषद् कांकेर में कक्ष क्रमांक 12 में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

### जिले में 01 लाख 50 हजार बीपीएल राषनकार्ड धारियों को मिलेगा नि:षुल्क अरहर दाल

**उत्तर बस्तर कांकेर।** राज्य षासन द्वारा कांकेर जिले को 1505 क्विंटल अरहर दाल का आबंटन दिया गया है, जिसे जिले के 01 लाख 50 हजार 500 बीपीएल राषन कार्डधारियों को प्रति कार्ड एक-एक किलो के मान से नि:षुल्क वितरण किया जायेगा। खाद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतागढ़ विकासखण्ड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 15 हजार 135 बीपीएल राषन कार्डधारियों को 151 क्विंटल 35 किलो ग्राम अरहर दाल का नि:षुल्क वितरण किया जायेगा। इसी प्रकार कांकेर विकासखण्ड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 22 हजार 678 बीपीएल राषनकार्ड धारियों को 226 क्विंटल 78 किलो ग्राम, कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 37 हजार 10 राषन कार्डधारियों को 370 क्विंटल 10 किलो ग्राम, चारामा विकासखण्ड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 21 हजार 602 बीपीएल राषन कार्डधारियों को 216 क्विंटल 02 किलो ग्राम, दुर्गूकांदल विकासखण्ड के 13 हजार 444 राषन कार्डधारियों को 134 क्विंटल 44 किलो ग्राम, नरहरपुर विकासखण्ड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के 22 हजार 103 बीपीएल राषनकार्ड धारियों को 221 क्विंटल 03 किलो ग्राम और भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के 18 हजार 623 बीपीएल राषनकार्डधारी परिवारों को 186 क्विंटल 23 किलो ग्राम अरहर दाल का नि:षुल्क वितरण किया जायेगा।

### होटल एवं रेस्टोरेंट में कार्यक्रम व सभा आयोजन की अनुमति नहीं

**उत्तर बस्तर कांकेर।** नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव व नियंत्रण के लिए होटल एवं रेस्टोरेंट में सामाजिक, राजनैतिक, धार्मिक, खेलकूद, मनोरंजन, शैक्षिक, सांस्कृतिक एवं अन्य विशाल जनसमूह वाले कार्यक्रम तथा सभा आयोजन की अनुमति नहीं होगी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री के.एल. चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन की लिखित पूर्वानुमति होने पर ही शादी संबंधी आयोजन में अधिकतम 50 व्यक्ति और अंन्त्येष्टी संबंधी आयोजन में अधिकतम 20 व्यक्ति सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने जिले में स्थित सभी होटल एवं रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देशित किया है कि शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये, निर्देशों का उल्लंघन करते पाये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टर श्री चौहान ने जिले के नागरिकों से भी अपील किया है कि नोवल कोराना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए आवश्यक सावधानी बरतें तथा शासन द्वारा लागू नियमों का पालन करें।

### *मत्स्याखेट 15 अगस्त तक प्रतिबंध

**बीजापुर** -= संचालक मछलीपालन छत्तीसगढ़ से दिनांक 27 जून को प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में उन सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णत निषिद्ध रहेगा।

## मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना

# पार्षद माला तिवारी एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष लक्ष्मी सहारे ने किया सायकल वितरण





**कांकेर (वॉच ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना अंतर्गत शा. कन्या उ.मा.वि. कांकेर मे आज दिनांक 27/06/2020 को सायकल वितरण का कार्यक्रम श्रीमति माला तिवारी पार्षद लट्टीपारा कांकेर के मुख्य आतिथ्य एवं सुश्री लक्ष्मी सहारे अध्यक्ष शाला विकास समिति की अध्यक्षता मे श्री मुकेश तिवारी के वरिष्ठ अतिथि मे एवं श्रीमति सविता पोया प्राचार्य शा.कन्या उ.मा.वि. कांकेर की उपस्थिति मे आयोजित किया गया । सर्वप्रथम अतिथियो का स्वागत अभिनंदन पुष्पगुच्छ से प्राचार्य एवं बच्चो के अभिभावको के द्वारा किया गया।अतिथिद् के द्वारा उद्बोधन मे कहा गया कि छात्राओ को छ.ग. शासन के द्वारा मुख्यमंत्री सरस्वती सायकल योजना एक महत्वकांक्षी योजना है जिसमे बच्चो के अध्यापन कार्य हेतु शाला आने जाने की सुविधा देकर प्रेरित किया जाता है । उद्बोधन के पश्चात बच्चो एवं उपस्थित पालको को मुख्य अतिथि माला तिवारी पार्षद लट्टीपारा कांकेर एवं लक्ष्मी सहारे अध्यक्ष शाला विकास समिति ने सायकल की घंटी बजाकर 45 की संख्या सांकेतिक रूप से प्रदान किया गया । कोरोना महामारी को ध्यान मे रखते हुए शारिरिक दुरी का पालन कर इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम मे सायकल वितरण प्रभारी संदीप टेकाम शिक्षक, तेजराम कौशिक, रमन शर्मा, वजीद खान सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे । कार्यक्रम का संचालन वजीद खान एवं आभार प्रदर्शन संदीप टेकाम ने किया । उक्त कार्यक्रम की जानकारी श्रीमति सविता पोया प्राचार्य शा. कन्या उ.मा.वि. कांकेर ने दी ।

## जिला पंचायत के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक सम्पन्न



**उत्तर बस्तर कांकेर( वॉच ब्यूरो )।** जिला पंचायत के सामान्य सभा एवं सामान्य प्रशासन की बैठक जिला पंचायत की सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हेमन्त कुमार ध्रुव एवं उपाध्यक्ष हेमनारायण गजबल्ला की अध्यक्षता में तथा जिला पंचायत सदस्यों व जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे के द्वारा पिछली बैठक का पालन प्रतिवेदन समस्त विभागों से प्राप्त किया गया। तद्पश्चात् स्वास्थ्य, मत्स्य, पशु, उद्यान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ट्रायवल, शिक्षा विभाग, विद्युत विभाग के योजनाओं के क्रियान्वयन तथा प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में मौसमी बीमारियों तथा मलेरिया उन्नमूलन के तहत मच्छरदानी वितरण, पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यान भण्डारण, पेशंनधारियों को पेंशन वितरण, आमाबेड़ा से उसेली सड़क की मरम्मत, पानीडोबीर छात्रावास के मरम्मत के सम्बंध में सम्बिंधत अधिकारियों से जानकारी लिया गया तथा भवनविहिन आंगनबाड़ियों का प्रस्ताव देने हेतु जिला महिला बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिये गये। जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री हेमन्त कुमार ध्रुव द्वारा कोयलीबेड़ा व अन्तागढ़ क्षेत्र में पदस्थ अतिथि शिक्षिकों के वेतन का तत्काल भुगतान करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये गये। कोयलीबेड़ा क्षेत्र में समय पर खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण कराने के लिए निर्देशित किया गया। सामान्य सभा की बैठक में छूटे हुए परिवारों का राशन कार्ड बनाने तथा नवीन ग्राम पंचायतों में पृथक से नवीन उचित मूल्य दुकान खोलने के संबंध में खाद्य अधिकारी से जानकारी लिया गया।

## जिले में नवीन शिक्षण प्रविधि "लक्ष्यवेध" ऑनलाईन प्रशिक्षण जारी

**उत्तर बस्तर कांकेर( वॉच ब्यूरो )।** जिले में शिक्षा के उच्च गुणवत्ता स्तर को प्राप्त करने के लिए शिक्षकां का 'लक्ष्यवेध' ऑनलाईन प्रशिक्षण 20 से 24 जून तक प्रतिदिन दो पालियों में दिया गया। द्वितीय चरण 25 से 29 जून तक गूगल मीट एप पर प्रशिक्षण जारी है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस प्रशिक्षण में बच्चों के सीखने के तरीकों पर गहन अनुसंधान से प्राप्त सात नुस्खों पर विमर्श हो रहा है। ये सात नुस्खे हैं- बच्चों को खुद से सीखने के लिए प्रेरित करना, बच्चों को स्वयं से अधिक सीखने के लिए चुनौती देना, पीयर लर्निंग, ग्रुप लर्निंग, विषय मित्र बनाना, छात्रों की जिज्ञासा का सम्मान करना, एक तिहाई समय में कोर्स पूरा करना, सीखने की प्रक्रिया में प्रौद्योगिकी का प्रयोग करना और सेल्फी विथ सक्सेस इत्यादि विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन नवीन शैक्षिक तरीकां को जब स्कूलों में अपनाये जायेंगे तो बच्चे निश्चित ही राष्ट्रीय मूल्यांकन के एएसईआर लेवल से एनएएस लेवल की ओर और अंत में अंतर्राष्ट्रीय मूल्यांकन की पीआईएसए लेवल की आरे बढ़ते चले जायेंगे। इस प्रशिक्षण में कार्य के विभिन्न चरणों पर कार्य करने पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि सबसे पहले शिक्षकां को स्वयं से पहल करनी होगी, फिर धीरे-धीरे समुदाय, संसाधन और प्रशासन का सहयोग हासिल होता चला जायेगा। प्रशिक्षण की मुख्य बात यह है इसमें बच्चों के स्वयं से सीखने पर जोर दिया जा रहा है और कहा जा रहा है कि इस प्रक्रिया में शिक्षकों को एक कुशल मार्गदर्शक, सुविधादाता एवं भयमुक्त वातावरण निर्मित करने वाले की भूमिका निभानी होगी। यह प्रशिक्षण बच्चों को 21वीं सदी की चुनौतियां का सामना करने में सक्षम बनाने और उन्हें अतंर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य आयोजित की गई है। प्रशिक्षण में मिशन समन्वयक आनंद गुप्ता, सहायक कार्यक्रम समन्वयक नवनीत पटेल, पंकज श्रीवास्ताव, दिनेश नाग एवं "लक्ष्यवेध" कार्यक्रम की सुश्री नेहासिंह आकांक्षी, जिला प्रभारी कांकेर का विशेष सहयोग रहा। शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार "लक्ष्यवेध" के लिए विकासखण्ड कांकेर, चारामा, नरहरपुर, दुर्गूकोंदल, भानुप्रतापपुर और अंतागढ़ के चयनित शिक्षक एवं पीएलसी के सदस्य का प्रशिक्षण सम्पन्न हो चुका है।

# स्वरोजगार हेतु ऋण प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

**उत्तर बस्तर कांकेर( वॉच ब्यूरो )।** जिले में निवासरत अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के युवक-युवतियों को स्वयं का रोजगार लगाने हेतु जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति द्वारा ऋण सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 13 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं। स्वरोजगार स्थापना हेतु ऋण प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय निगम की योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को स्मॉल बिजनेस योजनांतर्गत 01 लाख रूपये, 02 लाख रूपये एवं 03 लाख रूपये का ऋण एक-एक हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसी प्रकार पिछड़ा वर्ग के एक हितग्राही को टर्म लोन योजना के तहत 01 लाख रूपये तथा अल्पसंख्यक वर्ग के एक हितग्राही को टर्म लोन योजना में 01 लाख रूपये का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। बैंक प्रवर्तित योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के 106 हितग्राहियों को आदिवासी स्वरोजगार योजना अंतर्गत तथा तथा अनुसूचित जाति वर्ग के 19 हितग्राहियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कांकेर के कार्यपालन अधिकारी सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि बैंक के माध्यम से संचालित अनुसूचित जाति वर्ग के लिए अंत्योदय स्वरोजगार योजना एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आदिवासी स्वरोजगार योजना में भी 50 हजार रूपये से ईकाई लागत तक ऋण के लिए आवेदन किया जा सकता है। स्वरोजगार स्थापना हेतु ऋण सुविधा प्राप्त करने के लिए आवेदक को संबंधित जाति वर्ग होना आवश्यक है। उसे जिले का मूल निवासी होना चाहिए तथा पारिवारिक वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 1 लाख 20 हजार रूपये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 98 हजार रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए। बैंक प्रवर्तित योजना में पारिवारिक वार्षिक आय शहरी क्षेत्र में 51 हजार 500 रूपये तथा ग्रामीण क्षेत्र में 40 हजार 500 रूपये से अधिक नहीं होना चाहिए।

## कलेक्टर ने व्यवस्थापन एवं व्यवसायिक प्रयोजन के लिए सौपा भूमिस्वामी हक



**उत्तर बस्तर कांकेर( वॉच ब्यूरो )।** अतिक्रमण एवं व्यवस्थपन के तहत कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने कांकेर शहर के दो निवासियों को भूमि स्वामी हक प्रदान किया। जिसमें टिकरापारा कांकेर निवासी उदय प्रकाश शर्मा पिता स्व. व्यासप्रसाद शर्मा को व्यवस्थापन के लिए और भोईपारा कांकेर निवासी विष्णु कुमार साहू पिता व्यास कुमार साहू को व्यवसायिक प्रयोजन के लिए भूमिस्वामी हक प्रदान किया गया। शासकीय भू-खण्ड के अतिक्रमण एवं व्यवस्थापन के तहत शासन के परिपत्र अनुसार प्रब्याजी के अतिरिक्त प्रस्तावित भू-खण्ड के बाजार मूल्य का प्रावधान के तहत नगरीय क्षेत्र में अतिरिक्त शासकीय भूमि के व्यवस्थापन एवं रिक्त शासकीय भूमि के भूमिस्वामी हक देने का मांग किया गया था। कलेक्टर श्री चौहान ने अतिक्रमणधारियों से भूमिस्वामी हक दिलाने के लिए निर्धारित प्रपत्र तैयार कर भू-अभिलेख शाखा में आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उन्हें भूमि स्वामी हक प्रदान की जा सकें। अतिक्रमणधारियों को शासकीय भूमि स्वामी हक देने के पश्चात पन्द्रह दिवस के भीतर रजिस्ट्रीकरण की कार्यवाही किया जायेगा। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर रेना जमील, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य उपस्थित थे।

# जिले के कृषकों का शतप्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाना सुनिश्चित करें-कलेक्टर



**उत्तर बस्तर कांकेर( वॉच ब्यूरो )।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्षा में कलेक्टर श्री के.एल. चौहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंने समीक्षा करते हुए कहा कि जिले के कृषकां का शतप्रतिशत किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैंकवार ऋण प्रकरण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री बीमा योजना, जनधन योजना, एनआरएलएम के माध्यम से ऋण योजना की प्रगति का समीक्षा किया। उन्होंने जिले में मछली पालन एवं दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए समितियों के सदस्यों का बैंक में 31 जुलाई तक क्रेडिट कार्ड बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री चौहान ने बांदे, बड़गांव, आमाबेड़ा के बैंक मैनेजरों द्वारा अपेक्षित प्रगति नहीं किये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बैंकिग कार्य में सुधार तथा बैंक मैनेजर कोयलीबेड़ा को निर्देशित करते हुए कहा कि 07 जुलाई तक 150 नया खाता खुलवाने की हिदायत दी। उन्होंने जिले के किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए 15 जुलाई तक बैंक खाता खुलवाने के लिए निर्देशित किया। पी.एम. सम्मान निधि के लाभार्थी किसानों को के.सी.सी. के दायरे में लाने हेतु विशेष अभियान चलाने के संबंध में बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत सभी भू-धारकों एवं वन अधिकारपट्टा धारकों को किसान क्रेडिक कार्ड के दायरे में शामिल करते हुए 15 जुलाई तक शतप्रतिशत केसीसी कार्ड जारी करना सुश्चित करें। उन्होंने बैंकों में लक्ष्य के अनुरूप ऋण प्रकरण भेजने के लिए क्रियान्वयन विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये।

## मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान: प्रथम चरण में कांकेर जिले में 30 हजार लोगों की जॉच

**उत्तर बस्तर कांकेर( वॉच ब्यूरो )।** बस्तर संभाग को मलेरिया मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा घर-घर जाकर परिवार के सभी व्यक्तियों का आरडी किट से जॉच की जा रही है तथा मलेरिया सकारात्मक पाये जाने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा अपने समक्ष मलेरिया प्रभावित व्यक्ति को मलेरिया का खुराक दिया जा रहा है। मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान के अंतर्गत कांकेर जिले में पहले चरण में 46 गांवों के 30 हजार लोंगों की आरडी किट से जॉच की गई तथा पीड़ित व्यक्तियों को मलेरिया की संपूर्ण खुराक दिया गया। कलेक्टर श्री के.एल. चौहान ने बताया कि आरडी किट जॉच में मलेरिया सकारात्मक व्यक्ति दवाई देते समय यदि भोजन नहीं किया रहता है, तो उन्हें स्वास्थ्य अमला द्वारा स्थानीय खाद्य पदार्थ भी दिया जाता है तथा उसके खाने के बाद मरीज को मलेरिया की दवाई खिलाया जाता है। कलेक्टर श्री चौहान ने बताया कि कांकेर जिले में मलेरिया मुक्त बस्तर अभियान का दूसरा चरण तीन फेज में चलाया जा रहा है, जिसके तहत् प्रथम फेज में चारामा, नरहरपुर एवं कांकेर विकासखण्ड को छोड़कर जिले के चार विकासखण्डों भानुप्रतापपुर, अंतागढ़, दुर्गूकोंदल एवं कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के 75 गांवों के 21 हजार से अधिक लोंगों की आरडी किट से जॉच की गई तथा प्रभावित व्यक्त्यिं को मलेरिया की दवाई खिलाया गया है।

# "वन नेशन वन राशनकार्ड" प्रारंभ करने 0 आधार नंबर सीडिंग की कार्यवाही 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश

**उत्तर बस्तर कांकेर( वॉच ब्यूरो )।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत ष्ष्व्दम छमजपवद व्दम तंजपवदबंतकश् (वन नेशन वन राशनकार्ड) प्रारंभ करने तथा आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से राशन सामग्री वितरण एवं पोर्टेबिलिटी का उपयोग करने राशन कार्डधारियों द्वारा अपनी पसंद की उचित मूल्य दुकान से राशन सामग्री प्राप्त करने की सुविधा देने के लिए कलेक्टर श्री के.एल. चौहान द्वारा सभी राशनकार्डो एवं सदस्यों के आधार नम्बर सीडिंग की कार्यवाही 30 जुलाई तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर श्री चौहान ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं नगर पालिका परिषद तथा नगर पंचायतों के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि विकासखण्ड स्तर पर उचित मूल्य दुकानवार प्रचलित राशनकार्डो एवं सदस्यों जिनके आधार नम्बर सीडिंग नहीं हुई है अथवा अप्रमाणित या त्रुटिपूर्ण आधार नंबर वाले राशन कार्डधारियों की सूची खाद्य निरीक्षक को उपलब्ध कराया गया है। उचित मूल्य दुकानवार सूची प्रिंट लेकर हस्ताक्षर उपरांत उचित मूल्य दुकान संचालकों को 30 जून तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाये, ताकि उचित मूल्य दुकानों में राशनकार्ड हितग्राहियों द्वारा अवलोकन किया जा सके। उचित मूल्य दुकान संचालकों को निर्देशित किये हैं कि ऐसे राशन कार्डधारियों एवं सदस्यों का माह जुलाई में राशन सामग्री प्रदाय करते समय व्यक्तिगत रूप से आधार कार्ड की स्वच्छ एवं पठनीय छायाप्रति या आधार नामांकन पर्ची अविलंब प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया जाये, ताकि आधारकार्ड का फत् ब्वकम (क्यूआर कोड) स्कैन कर विभागीय सर्वर में अपलोड किया जा सके। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि विकासखण्ड स्तर पर आधारकार्ड के फत् ब्वकम स्कैन करने में समस्या होने की स्थिति में खाद्य निरीक्षक द्वारा उचित मूल्य दुकानों के आधार दस्तावेज प्राप्त कर जिला स्तर पर आधार डेटा एन्ट्री हेतु 10 जुलाई तक उपलब्ध कराया जावे, ताकि एन्ट्री का कार्य 25 जुलाई तक पूर्ण किया जा सकें।

आधारविहीन राशनकार्डो एवं सदस्यों के आधार नंबर की डेटा एन्ट्री उचित मूल्य दुकान संचालकों द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाईट लिंक में जाकर भी आधार नंबर दर्ज करने के लिए निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा है कि ऐसे हितग्राही व राशनकार्डधारी जिनका आधार नामांकन नहीं हुआ है वे अपने निवास स्थान के निकटतम लोक सेवा केन्द्रों में जाकर अपना आधार नामांकन कराकर नामांकन पर्ची अथवा आधारकार्ड की फोटोकापी दुकान संचालक को उपलब्ध करायें। एसडीएम, सीईओ जनपद एवं सीएमओ को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि उचित मूल्य दुकानों में चावल उत्सव के आयोजन हेतु नामांकित नोडल अधिकारी को हितग्राहियों से आधार नंबर प्राप्ति की सतत निगरानी हेतु नोडल अधिकारी के रूप में ड्यूटी लगाई जाये। नोडल अधिकारी द्वारा उचित मूल्य दुकान के शेष राशनकार्ड व सदस्यों के आधारकार्ड की छायाप्रति संकलित किया जाएगा, ताकि फत् ब्वकम स्कैन के माध्यम से आधार सीडिंग की कार्यवाही पूर्ण कराई जा सके। उन्होंने बताया कि राशनकार्डधारियों एवं सदस्यों के आधार क्रमांक की डेटा एन्ट्री में त्रुटि सुधार आदि का प्रावधान खाद्य अधिकारी, खाद्य निरीक्षक माड्यूल पूर्व से ही दिया गया है। अपने प्रभार क्षेत्र के सभी राशनकार्डधारियों एवं सदस्यों का आधार नंबर सीडिंग कराने हेतु राशनकार्डधारियों एवं सदस्यों के आधार प्रस्तुत करने हेतु स्थानीय स्तर पर मुनादी कराकर प्रचार-प्रसार कराया जाये। राशनकार्डधारियों एवं सदस्यों के आधार सीडिंग की कार्यवाही समय-सीमा में पूर्ण कराते हुए पालन प्रतिवेदन कलेक्टर कार्यालय खाद्य शाखा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

## खास-खबर

### कोरोना के प्रकोप से बचानें सत् चंडी यज्ञ में महापौर हुई सम्मिलित

**राजनादगांव ।** शहर में बढ़ते कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु महापौर हेमा देशमुख के निर्देशानुसार नगर निगम अमले द्वारा प्रतिदिन शहर के अति संक्रमित क्षेत्रों का सेनेटाइज़ेशन एवं नाले-नालियों में ब्लीचिंग पॉवडर का छिड़काव, युद्ध स्तर पर सफाई अभियान चलाकर नाले,नालियों, सडकों, गलियो की सफाई भी किया जा रहा है जिसमे मुख्यता लखोली वार्ड 31,32,33 व 34 सेठी नगर, बैगापारा, गंज चोक, सदरबाजार, पुराना बस स्टैंड, पुराना ढाबा, पेंड्री, लखोली नाका अटल आवास लोहारपारा, शंकरपुर, स्टेशन पारा, गौरी नगर आदि शामिल है। इस कड़ी में गुरुवार को महापौर हेमा देशमुख वार्ड 42 राजीव नगर के जीणमाता मंदिर में हो रहे सत् चंडी यज्ञ में सम्मिलित होकर विश्व शांति एवं राजनांदगांव शहर वासियों को कोरोना के बढ़ते प्रकोप से बचानें के लिए हवन में देवी माता के नाम आहुतियां साथ शहरवासियों की रक्षा एवं खुशहाली की कामना की इस दौरान वार्ड पार्षद ऋषि शास्त्री, शुभम महाराज एवं अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।



### आम नागरिकों को मास्क लगाए रहने पर ही कार्यालयों में प्रवेश की अनुमति

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने जिले में कोविड-19 के लगातार बढ़ते पॉजिटिव प्रकरणों को देखते हुए शासकीय कार्यालयों में सेनेटाईज किए जाने, सोशल डिस्टेसिंग का कड़ाई से पालन करने और मास्क का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में आज जारी आदेश में कहा गया है कि सभी कार्यालयों का नियमित सेनेटाईजेशन (सोडियम हाईपोक्लोराईड का घोल का छिड़काव) किया जाए। विशेषकर ऐसे स्थानों जो लगातार लोगों के हाथों के संपर्क में आते हों जैसे सीढ़ियों की रेलिंग, कुर्सी के हत्थे आदि का दिन में एक से अधिक बार सेनेटाईजेशन किए जाने की आवश्यकता है। कार्यालयों में अधिकारी-कर्मचारी सोशल डिस्टेसिंग के सिद्धांत का कड़ाई से पालन करें। सभी अधिकारी-कर्मचारी मास्क का उपयोग करना सुनिश्चित करें। साथ ही समय-समय पर हाथों को सेनेटाईज करना अथवा साबुन से धोना सुनिश्चित करेंगे। कार्यालयों में आने वाले आम नागरिकों को मास्क लगाए रहने पर ही प्रवेश की अनुमति दी जाए तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन कराएं।

### वन धन केन्द्रों के संचार की निगरानी के लिए समितियां गठित

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा ने वन धन विकास कार्यक्रम अंतर्गत वन धन केन्द्रों के संचार की निगरानी के लिए समिति गठित की है। जिले के चार विकासखंड मानपुर, मोहला, अंबागढ़ चौकी और छुरिया में ट्राईफेड के सहयोग से 5 वन धन विकास केन्द्र स्थापित है। ट्राईफेड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वन धन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत वन धन केन्द्रों के संचार की निगरानी के लिए जिला, विकासखंड और वन धन विकास केन्द्र स्तर पर निगरानी समिति का गठन किया गया है। जिला स्तर पर निगरानी समिति में कलेक्टर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वनमंडलाधिकारी, एनआरएलएम के सहायक परियोजना अधिकारी, आकांक्षी जिला फेलो, एनआरएलएम के जिला मिशन प्रबंधक शामिल होंगे। इसी तरह विकासखंड स्तर पर निगरानी समिति में अनुविभागीय अधिकारी, जनपद पंचायत के सीईओ, वन परिक्षेत्र अधिकारी, वन धन केन्द्र के पदाधिकारी, उप समिति पदाधिकारी रहेंगे। वन धन विकास केन्द्र स्तर पर निगरानी समिति में वन धन समूह के पदाधिकारी, उप समिति के सदस्य एवं निगरानी के लिए समीप के वन धन केन्द्र के सचिव होंगे।

### निम्नदाब विद्युत उपभोक्ताओं के देयकों का संग्रहण हेतु जिले में 1433 कॉमन सर्विस सेंटर

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूषन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं की सेवा सुविधा में लगातार वृद्धि की जा रही है। विद्युत विषयक कार्यों के त्वरित निपटारा हेतु प्रदेष में पहली बार अनेक विविध सुविधायें आरंभ की गई है। जिसमें ''मोर बिजली ऐप''की निःषुल्क सुविधा, चौबीस घण्टे षिकायतों को दर्ज करने केन्द्रीकृत कॉल सेंटर, विद्युत देयकों के सहज भुगतान हेतु ऑन लाईन पेमेंट, एटीपी मषीन, सहित बड़ी संख्या में कॉमन सर्विस सेंटर को जोड़ा गया है। = राजनांदगांव जिले में 1433 कॉमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी.) कार्यरत हैं जिनके माध्यम से दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के निम्नदाब विद्युत उपभोक्ता देयकों का भुगतान कर सकते हैं। सार्वजानिक सुविधा केन्द्र के माध्यम से विद्युत देयकों का संग्रहण उपभोक्ताओं सहित कंपनी के लिये भी फायदेमंद है। इसे दृष्टिगत रखते हुये पॉवर कंपनी के मुख्य अभियंता (राजस्व) मधुकर जामुलकर द्वारा समस्त मैदानी अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर कॉमन सर्विस सेंटर के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया गया है। इन सेंटरों के माध्यम से विद्युत देयकों का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सी.एस.सी. एजेंट द्वारा ''सिस्टम द्वारा बनाई गई रिसिप्ट'' प्रदान की जाती है। मैनुअल अथवा हाथ से लिखी गई विद्युत देयक भुगतान की रिसिप्ट उपभोक्ताओं को स्वीकार नहीं करने की समझाईष दी गई है। राजनांदगांव जिले में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर राजनांदगांव, खैरागढ़, डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव संभाग के अन्तर्गत सभी ब्लाक एवं ग्राम पंचायत पर 1610 (व्हीएलई) विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर कार्यरत हैं। इस तरह कबीरधाम जिले में संचालित कॉमन सर्विस सेंटर कवर्धा एवं पंडरिया संभाग के अन्तर्गत सभी ब्लाक एवं ग्राम पंचायत पर 650 (व्हीएलई) विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर कार्यरत हैं।

### पेट्रोलियम पदार्थ में मूल्य वृद्धि के विरोध में युवक कांग्रेस का केन्द्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**राजनादगांव ।** पेट्रोल व डीजल के मूल्य में केन्द्र सरकार द्वारा मनमाना वृद्धि करने के विरोध मेंयुवक कांग्रेसियो ने केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ प्रदर्षन किया। युकां कार्यकर्ताओ ने अंबागढ़ चौकी ब्लाक मुख्यालय व कुर्मदा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन किया एवं केन्द्र की भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्षन किया। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के युवक कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू, ब्लाक अध्यक्ष मनीश बंसोड, नगर अध्यक्ष मोईनुद्यीन कुरैषी, विधानसभा महासचिव ललित साहू ने केन्द्र की मोदी सरकार को आम जनता एवं मध्यमवर्गीय परिवार का विरोधी सरकार बताया। युवक कांग्रेसयिो ने आरोप लगाया की पुरा देष इस समय कोरोना संक्रमण से मुष्किलो से घिरा हुआ है। ऐसे समय में केन्द्र की मोदी सरकार अन्तर्राश्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल की दाम में गिरावट होने के बाद भी देष में अपने लाभ के लिए पेट्रोल व डीजल के मूल्य में मनमाना वृद्धि कर रही है।

# प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग से जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक

**राजनांदगांव ( वॉच ब्यूरो )।** वन मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री मोहम्मद अकबर की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए जिला खनिज संस्थान न्यास राजनांदगांव की शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्रों के लिए लगभग साढ़े 22 करोड़ रूपए के विभिन्न कार्यों का अनुमोदन किया गया। ये कार्य विश्रीय वर्ष 2020-21 के लिए है। कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत वर्ष 2020-21 के लिए प्रस्तावित कार्य योजना में शामिल कार्यों के संबंध में बारी-बारी से जानकारी दी। प्रभारी मंत्री श्री अकबर ने अनुमोदित कार्यों के अलावा प्रस्ताव में शामिल अन्य कार्यों का परीक्षण कर न्यास की गाईड लाईन के आधार पर आगामी बैठक में रखने के निर्देश दिए। कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए मोहला-मानपुर विधायक श्री इंद्रशाह मंडावी, डोंगरगढ़ विधायक श्री भुनेश्वर बघेल, कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा, पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र शुक्ला, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती तनुजा सलाम, सहायक कलेक्टर श्री ललितादित्य नीलम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, जिला खनिज संस्थान न्यास के परियोजना समन्वयक एवं एसडीएम राजनांदगांव श्री मुकेश रावटे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल हुए। बैठक में पेयजल से संबंधित 15 कार्यों के लिए 1 करोड़ 97 लाख रूपए, पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत एक कार्य के लिए 50 लाख रूपए, स्वास्थ्य के अंतर्गत 10 कार्यों के लिए 6 करोड़ 81 लाख 46 हजार रूपए, नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी योजना के लिए 2 करोड़ रूपए, शिक्षा के अंतर्गत 8 कार्यों के लिए 7 करोड़ 81 लाख रूपए, उद्यानिकी के अंतर्गत दो कार्यों के लिए एक करोड़ 41 लाख रूपए, क्रेडा के अंतर्गत एक कार्य के लिए 16 लाख 50 हजार रूपए तथा अधोसंरचना विकास के 5 कार्यों के लिए एक करोड़ 74 लाख 90 हजार रूपए का अनुमोदन किया गया। प्रभारी मंत्री श्री अकबर ने




वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से कहा कि जिला खनिज संस्थान न्यास से विभिन्न विकास कार्यों के लिए स्वीकृति देने स्पष्ट रूप से गाईड लाईन जारी की गई है। गाईड लाईन के आधार पर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित अन्य मदों पर धन राशि स्वीकृत की जानी है। जिला खनिज संस्थान न्यास से कार्य स्वीकृत करते समय गाईड लाईन का सही तरीके से पालन होना चाहिए। कलेक्टर ने बताया कि विधायकों और जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद के मनोनीत सदस्यों द्वारा प्रस्तावित कार्यों के लिए कार्य योजना में ढ़ाई करोड़ रूपए का प्रस्ताव किया गया है। प्रभारी मंत्री श्री अकबर ने इस संबंध में विस्तृत प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में से जो कार्य गाईड लाईन के अनुरूप होंगे, उन्हें आगामी बैठक में अनुमोदित किया जाएगा। प्रभारी मंत्री श्री अकबर ने जिला खनिज संस्थान न्यास के अंतर्गत स्वीकृति के लिए विधायकों से प्राप्त प्रस्तावों का समुचित परीक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित कार्यों में से जो कार्य न्यास से स्वीकृत होने लायक हों उनकी जानकारी विधायकों को अनिवार्य रूप से दी जानी चाहिए। जिला खनिज संस्थान न्यास की शासी परिषद की बैठक में डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू एम्स रायपुर से मोबाईल के जरिए शामिल हुए। विधायक श्री दलेश्वर साहू जैसे ही वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़े प्रभारी मंत्री श्री अकबर ने तत्काल उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। विधायक श्री साहू ने प्रभारी मंत्री श्री अकबर के पूछने पर इलाज और स्वास्थ्य के बारे में बताया। विधायक श्री साहू ने जिला खनिज संस्थान न्यास से कार्य स्वीकृत करने के संबंध में जरूरी सुझाव दिए। खैरागढ़ विधायक श्री देवव्रत सिंह, छुईखदान के जनपद पंचायत कार्यालय के स्वान वीडियो कांफ्रेंस रूम तथा खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू छुरिया जनपद पंचायत कार्यालय के स्वान वीडियो कांफ्रेंस रूम से बैठक से जुड़े रहे। इन दोनों विधायकों ने भी अनेक सुझाव दिए।

# एक कोरोनावारियर्स ने दूसरे कोरोनावारियर्स की जांच की

### निगम के 20 कर्मचारियों का लिया गया कोरोना जांच के लिए सैंपल

**भिलाईनगर( वॉच ब्यूरो )।** भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वारियर्स के रूप में काम कर रहे 20 सफाई कर्मियों का आज कोरोना जांच के लिए सेंपल लिया गया। लॉकडाउन के दौरान वार्डों में लगातार सफाई कार्य में जुटे हुए कर्मियों पर किसी प्रकार का संक्रमण न फैले इसे देखते हुए जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आरटीपीसीआर के रेंडम जांच के लिए स्वेब का सेंपल कर जांच हेतु भेजा है। कोरोना वायरस के रोकथाम हेतु फील्ड में तैनात कर्मचारियों का रैन्डम जांच किया जा रहा है। आज भिलाई निगम के जोन 03 व जोन 04 के कर्मचारियों का नोवल कोरोना वायरस के संक्रमण के जांच के लिए सैंपल लिए गए। इस जांच में उन लोगों को लिया गया जो कोरोना वायरस संक्रमण के रोकथाम हेतु आवश्यक सेवाओं में लगे हुए हैं जिनका रेंडम सैंपल लिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि कोरोना से लड़ने मास्क लगाना एवं सोशल डिस्टेंस का पालन करना ही बेहतर माध्यम है



साथ ही बार बार हाथों की सफाई करते रहे ताकि वायरस को फैलने से रोका जा सके। कोरोना वायरस कम्युनिटी में न फैले इसके लिए जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम आज सुबह 11 बजे से निगम के जोन 03 व जोन 04 कार्यालय में कोरोना वायरस के जांच संबंधी सभी उपकरण के साथ पहुंचे। डॉ. हरिराम यदु, आयुष चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि डॉक्टरों की टीम 20 कर्मचारियों से आरटीपीसीआर जांच के लिए नाक और गले का स्वेब सेम्पल कलेक्शन किए। आज भिलाई निगम क्षेत्र में सफाई व्यवस्था में कार्यरत जिनकी उम्र लगभग 50 वर्ष के आस पास है उन लोगों का चयन कर एतिहातन के तौर पर सेम्पल लेकर जांच हेतु एम्स रायपुर भेजा गया। इस दौरान डॉक्टरों की टीम ने सभी कर्मचारियों को कार्य के दौरान सोशल डिस्टेंस का पालन करने, मास्क का उपयोग करने व बार बार हाथों की सफाई करते रहने के निर्देश देते हुए तबीयत खराब होने पर तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दिए। जांच शिविर में जिला स्वास्थ्य विभाग टीम में लैब टेक्निशियन अशोक वर्मा, वार्ड ब्वॉय देवेन्द्र पटेल, जोन 04 के स्वास्थ्य अधिकारी महेश पाण्डेय, जोन 03 के स्वच्छता अधिकारी आर.पी. तिवारी, स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह आदि उपस्थित थे।

### त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए अधिकारियों की नियुक्ति

**राजनांदगांव ( वॉच ब्यूरो )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी टोपेश्वर वर्मा ने त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की सहायता के लिए सहायक अधिकारी तथा अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति की है। त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के लिए जनपद पंचायतों की मतदाता सूची तैयार की जाएगी। अपर कलेक्टर श्री ओंकार यदु को जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगांव, छुरिया और अंबागढ़ चौकी के लिए अपीलीय अधिकारी नियुक्त किया गया है। अपर कलेक्टर श्री हरिकृष्ण शर्मा को जनपद पंचायत मानपुर, खैरागढ़ तथा छुईखदान के लिए अपीलीय अधिकारी बनाया गया है। जनपद पंचायत राजनांदगांव के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम राजनांदगांव श्री मुकेश रावटे होंगे। राजनांदगांव जनपद पंचायत के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार राजनांदगांव श्री रमेश मोर तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी नायब तहसीलदार राजनांदगांव श्री राजू पटेल और श्री कोमल सिंह ध्रुवे होंगे। जनपद पंचायत डोंगरगांव के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम डोंगरगांव श्री वीरेन्द्र सिंह होंगे। डोंगरगांव जनपद पंचायत के लिए सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार डोंगरगांव श्री शिव कुमार कंवर तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के सहायक अधिकारी नायब तहसीलदार डोंगरगांव श्री लीलाधर कंवर होंगे। इसी प्रकार जनपद पंचायत छुरिया के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम डोंगरगांव श्री वीरेन्द्र सिंह होंगे।

# पेट्रोल डीजल की वृद्धि के खिलाफ कांग्रेसियों की सायकल यात्रा

### आमजनता की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर : वोरा

**दुर्ग ( वॉच ब्यूरो )।** देश में पेट्रोल डीजल के लगातार 21 वें दिन बढ़ते हुए दामों को लेकर विधायक व महापौर सहित कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना लगाया। लॉक डाउन एवं आर्थिक मंदी में बढ़ती महंगाई के बाद भी केंद्र सरकार जनता को लूटने का कार्य कर रही है प्रतिदिन पेट्रोल और डीजल के दाम में बढ़ोतरी होने से जनता त्रस्त है। इसके विरोध में विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने वाहनों का बहिष्कार कर सायकल से ही जनसमस्या देखने शहर के दौरे पर निकल पड़े साथ ही पटेल चौक पेट्रोल पम्प के पास जनता के साथ मूल्य वृद्धि को लेकर नाराजगी जताई। श्री वोरा ने कहा कि जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा के लोग बैलगाड़ी लेकर प्रदर्शन करते नजर आथे थे और 35 रु लीटर में पेट्रोल बेचने का दावा करते थे किन्तु अब बढ़ती महंगाई पर चुप्पी साध ली है। आजादी के बाद पेट्रोल डीजल ने महंगाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं जिससे आम जनता को कोरोना और लॉकडाउन के बीच गुजर बसर और रोजी रोटी की दिक्कतों के साथ बढ़ती महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। सरकार का अर्थव्यवस्था व पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस के दामों पर नियंत्रण ना होना आम जनता के पेट में लात मारने जैसा है। महापौर धीरज बाकलीवाल ने डीजल का दाम पेट्रोल से अधिक होने को लेकर केंद्र सरकार को जमकर कोसते हुए इसे रोज कमाने खाने वाले व गरीबों की विरोधी सरकार बताया व कहा कि यह मोदी सरकार की सुनियोजित लूट है क्रूड ऑयल के गिरते दामों के बाद भी हमारे देश में पेट्रोलियम कीमतों में उछाल समझ के बाहर है। बढ़ती कीमतों को लेकर केन्द्र सरकार को घेरने में शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन करने की रणनीति बनाई गई। इस दौरान शहर कांग्रेस अध्यक्ष गया पटेल, अनीता तिवारी, पार्षद अब्दुल गनी, राजेश शर्मा, अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार पाली, जमुना साहू, प्रकाश गीते, नंदू महोबिया, नासिर खोखर, आयुष शर्मा, देव सिन्हा एवं कांग्रेसी मौजूद थे।



# बांस बल्ली से किए जा रहे अतिक्रमण को निगम की जेसीबी ने किया ध्वस्त

**भिलाईनगर( वॉच ब्यूरो )।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में जुनवानी रोड पर सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को हटाया गया। बिना कोई अनुमति गुमटी लगाने और बांस बल्ली से अवैध कब्जा पर निगम की टीम बेदखली की कार्यवाही की। निगम क्षेत्र में अवैध कब्जा या अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निर्देश दिए है। आदेश के परिपालन में जोन 01 नेहरू नगर की टीम आज शंकरचार्य कॉलेज के पास बिना अनुमति गुमटी लगाने वाले को हटाने तथा झोपड़ी बनाकर अवैध कब्जा करने वालों को जेसीबी के माध्यम से ध्वस्त किया गया, इस दौरान एक अतिक्रमणधारी ने तोड़फोड़ के



नुकसान से बचने एक दिन के भीतर कब्जा हटाने लिखित में दिया। जोन 01 के एआरओ विनोद चंद्राकर ने बताया कि जुनवानी रोड में अवैध कब्जे की शिकायत मिली थी, जिस पर जोन 01 के आयुक्त सुनील अग्रहरि के अगुवाई में शंकराचार्य कॉलेज के पास राजस्व विभाग का अमला पहुंचा जहां कुछ लोगों के द्वारा मुख्य सड़क किनारे बांस बल्ली से झोपड़ीनुमा बनाया गया था जहां अस्थाई रूप से मोटर मैकेनिक व गैरेज का काम कर रहे थे जिसे जेसीबी से तोड़कर बेदखल किया गया। इसी स्थान पर 3 अन्य व्यक्तियों द्वारा निगम से बिना कोई अनुमति लिए बगैर गुमटी लगाकर दुकान संचालन कर रहे थे जिनमें 2 गुमटी को तत्काल जेसीबी के माध्यम से हटाया और एक व्यक्ति तोड़फोड़ के नुकसान से बचने अवैध रूप से संचालित कर रहे गुमटी को हटाने लिखित में दिया अवैध रूप से झोपड़ी व गुमटी लगाकर व्यवसाय करने वालों को निगम की टीम ने समझाइश दिया कि दोबारा ऐसा करने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ टीम बनाकर करें कार्रवाई

**दुर्ग( वॉच ब्यूरो )।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भूरे ने अवैध उत्खनन व परिवहन पर लगातार नजर रखने तथा ऐसी स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।उन्होंने आज खनिज ,राजस्व पुलिसवन और पर्यावरण विभाग की बैठक लेकर ठोस कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस व आरटीओ का सहयोग लें तथा वन चैकियों पर भी वाहनों की जांच हो। उन्होंने कहा कि अभी रेत खनन पर पूर्णतः प्रतिबंध है।केवल लाइसेंस धारी जिन्होंने रेत का पूर्व में भंडारण किया है रेत का परिवहन और विक्रय कर सकते हैं।जिसके लिए पृथक से पास जारी होगा।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भी इस विषय को लेकर काफी गंभीर हैं। अतः सभी संबंधित विभागों के अधिकारी टीम बनाकर कार्य करें। उन्होंने ईंट निर्माण के लाइसेंस एक्सपायर होने के बाद भी ईंट निर्माण कार्य करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं। बैठक में खनिज अधिकारी श्री गोलघाटे ने बताया कि 2019-20 में अवैध उत्खनन के 9 प्रकरणों पर कार्रवाई कर 2 लाख 60 हजार व अवैध परिवहन के 292 मामलों पर कार्रवाई कर 50 लाख 90 हजार का जुर्माना वसूला गया।

# रिसाली निगम के कंटेटनमेंट जोन और वाणिज्यिक क्षेत्रों का किया गया वृहद स्तर पर सेनेटाइजेशन

**रिसाली( वॉच ब्यूरो )।** प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पहल पर एवं दुर्ग कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे के आदेश के तहत तथा अपर कलेक्टर एवं निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर रिसाली निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा अपने वार्डों के कंटटेनमेंट जोन तथा वाणिज्यि क्षेत्रों का गत दो दिनों से वृहद स्तर पर सैनेटाइजेशन व कीटनाशक दवाई का छिड़काव किया जा रहा है।

निगम आयुक्त श्री प्रकाशकुमार सर्वे के निर्देश पर रिसाली स्वास्थ्य अमला द्वारा प्रगतिनगर रोड, आजाद मार्केट रिसाली, कृष्णा टॉकीज रोड रिसाली तथा मैत्रीकुंज रोड के दुकानों के अलावा कंटेटेंमेंट जोन रिसाली सेक्टर, इस्पात नगर, रिसाली भाठा, मौहारी मरौदा, नेवई का संपूर्ण क्षेत्र




व वार्डों के पीडीएस भवनों तथा नेवई स्थित छत्तीसगढ़ तकनीकि स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय का टेक्ट्रर टैंकर एवं हैंड स्प्रे के माध्यम से वृहद स्तर पर सोडियम क्लोराइड दवाई का छिड़काव किया गया। सैनेटाइजेशन के साथ-साथ उल्लेखित क्षेत्रों के नालियों का सफाई कर ब्लिचिंग एवं कीटनाशक दवाई का भी व्यापकता के साथ छिड़काव किया गया है। उल्लेखनीय है कि देश में ऑनलाक की घोषणा के बीच अन्य राज्यों से प्रवासी श्रमिकों का लगातार आवाजाही तथा केन्द्र और राज्य शासन द्वारा कोरोना गाईडलाईन में शिथिलता देने तथा वाणिज्यिक क्षेत्रों में लोगों की बढ़ती आवाजाही से कोरोना पॉजेटिव मरीजों के मिलने का सिलसिला लगातार प्रदेश सहित जिले में जारी है। लोगों द्वारा शासन के गाईडलाईन का उल्लंघन करने के बीच गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देशानुसार और कलेक्टर दुर्ग श्री भूरे के आदेश के तहत रिसाली निगम प्रशासन द्वारा संक्रमित वायरस के रोकथाम और नियंत्रण हेतु वे सभी उपायों को प्राथमिकता के साथ पूरा कर रही है जिससे कि लोगों को संक्रमित महामारी से बचाया जा सके। रिसाली निगम प्रशासन द्वारा तमाम एहतियात बरतने के अपील के बावजूद लोग शासन की गाईडलाईन और होमक्वारंटाईन का लगातार उल्लंघन करके रिसाली निगम प्रशासन की चिंता बढ़ा दिये है। इसके बावजूद निगम प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ लोगों को करोना के संक्रमण से बचाने में जी जान से लगा हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिले में अब तक 1403.9 मि.मी. वर्षा दर्ज

**बलरामपुर।** बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के 06 तहसीलों में 01 जून से 26 जून 2020 तक की स्थिति में 1403.9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सबसे अधिक वर्षा वाड्रफ्नगर तहसील में 405.6 मि.मी. एवं बलरामपुर में सबसे कम 163.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर के भू-अभिलेख शाखा से मिली जानकारी के अनुसार अब तक बलरामपुर तहसील में 163.4 मि.मी., कुसमी में 229 मि.मी., शंकरगढ़ में 170.4 मि.मी., रामानुजगंज में 264 मि.मी., राजपुर में 171.5 मि.मी. तथा वाड्रफ्नगर तहसील में 405.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। प्रतिवेदित दिनांक 26 जून को तहसील रामानुजगंज में 29.4 मि.मी., राजपुर में 70 मि.मी. तथा कुसमी में 35 मि.ली. वर्षा दर्ज की गई है।

### दावा आपत्ति 02 जुलाई तक

**बलरामपुर।** जिला पंचायत बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अन्तर्गत जिला समन्वयक, जिला सलाहकार, ब्लाक समन्वयक, कलस्टर समन्वयक के पदों में भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था। प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी कर समिति द्वारा पात्र-अपात्र सूची जारी कर दी गई है। पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन जिला पंचायत कार्यालय के सूचनापटल एवं जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है। पात्र-अपात्र की सूची में जिस आवेदक को आपत्ति हो तो वह 02 जुलाई 2020 तक जिला पंचायत कार्यालय में उपस्थित हो कर लिखित रूप में कर सकते हैं। उक्त तिथि एवं समय के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति को मान्य नहीं किया जाएगा।

### सैनिकों को जयस्तंभ चौक कुसमी में श्रृद्धांजलि स्वरूप शहीद सलाम दिवस मनाया गया

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन मरकाम के आदेश व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र तीवारी के निर्देश अनुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुसमी अध्यक्ष हरीश मिश्रा के अध्यक्षता में गलवान घाटी में शहीद हुए देश के वीर सैनिकों को जयस्तंभ चौक में श्रृद्धांजलि स्वरूप शहीद सलाम दिवस मनाया गया, जिसमे मुख्य रूप से जनपद पंचायत कुसमी अध्यक्ष हुमन्त सिंह यूथ जिलाध्यक्ष मुजसम नजर जनपद सदस्य खसरू बुनकर सुशिल दुबे छत्रपति ललित निकुंज सोनू अली जवाहिर लव कुमार ब्लेस्वर राशीद आलम अविनाश महिला कांग्रेस से मानमती सिंह , सरस्वती बुनकर मिलयनी खेस व साथ मे वरिष्ठ कांग्रेसगण, युवा कांग्रेस, ह्स्ट्ठ , किसान कांग्रेस, त्रि-स्तर नगर पंचायत अध्यक्ष सहित जनपद सदस्य व समस्त कांग्रेस प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता सलामी कार्यक्रम में सामिल हुए।

### क्वारेन्टीन सेंटर से भागी महिला का मिला अवशेष,10 दिन पहले लापता हुई थी महिला

**बलरामपुर।** जिले के रामचंद्रपुर कोरनटाइन सेंटर से पिछले 10 दिन पहले भागी हुई महिला का अनुरूधपुर जंगल की पहाड़ियों मे मिला सड़ा गला लाश। ग्राम पंचायत बाहरचूरा की महिला रामचंद्रपुर कोरानटाइन सेंटर से भागी महिला थी।जिसके बाद लगातार पतासाजी खोजबीन की जा रही थी।लेकिन आज पेड़ पर फांसी से लटका हुआ महिला का शव मिला। जिसके बाद इसकी सूचना रामचंद्रपुर पुलिस को दी गई।सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना के छानबीन में जुटी हुई है।

### *कोरोना पॉजिटीव पाये जाने पर 85 बटालियन के जी-कंम्पनी को कन्टेन्मेंट जोन घोषित* ।

**बीजापुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीजापुर द्वारा नोवेल कोरोना वायरस (कोविड़-19) के संक्रमण काल के दौरान जिले में संदिग्ध व्यक्तियों के सैंपल जांच हेतु प्रेषित किया गया था, जिसमें बीजापुर मुख्यालय के महादेव घाट के आगे स्थित 85 बटालियन जी कम्पनी के क्वारंटाईन सेंटर में रखे गये व्यक्तियों में से एक व्यक्ति की जांच रिपोर्ट पॉजिटीव पाये जाने के कारण कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए महादेव घाट आगे स्थित 85 बटालियन कैम्प को कन्टेमेंट जोन घोषित किया गया है। कन्टेन्मेंट जोन हेतु प्रभारी अधिकारी द्वारा कन्टेन्मेंट जोन में घर पहुंच सेवा के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जावेगी। कन्टेन्मेंट जोन अंतर्गत सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध रहेगा। मेडिकल इमरजेंसी को छोड़कर अन्य किन्ही भी कारणों से कैंप से बाहर निकलना प्रतिबंधित होगा। कन्टेन्मेंट जोन की निगरानी हेतु लगातार पुलिस पेट्रोलिंग की जावेगी। जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा संबंधित क्षेत्र में स्वास्थ्य की निगरानी एवं निर्देशानुसार सैम्पल इत्यादि जांच हेतु लिया जाना सुनिश्चित किया जावेगा।

***कन्टेन्मेट जोन में कार्यवाही हेतु प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया***-केवल एक प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था हेतु बेरिकेटिग के लिए कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग बीजापुर, सेनेटाईजिंग कार्य हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी बीजापुर, कैंप में एक्टिव सर्विलेंस के लिए जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी बीजापुर, बायो मेडिकल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए हास्पिटल सलाहकार बीजापुर, स्वास्थ्य टीम को एसओपी अनुसार दवा मास्क पीपीई किट इत्यादि उपलब्ध कराने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बीजापुर, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बीजापुर एवं कानून पुलिस व्यवस्था, कन्टेन्मेट जोन का सील करने एवं गश्त करने आवश्यक पुलिस व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीजापुर को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### दसवीं और बारहवीं परीक्षाओं की टॉपर्स का मकसद है

**सुकमा।** दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके हैं और सुकमा जिले ने हाईस्कूल में पहला स्थान और हायर सेकेण्डरी परीक्षा में छटवां स्थान हासिल कर शिक्षा के क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाई है। इस वर्ष के परीक्षा परिणामों से जिले के विद्यार्थियों के साथ ही शिक्षकों और पालकों में भी उत्साह है। दसवीं-बारहवीं के टॉपर्स का सपना है कि डॉक्टर बनकर इस क्षेत्र के जनता की सेवा करें। बारहवीं कक्षा की टॉपर संध्या गुप्ता के माता-पिता तोंगपाल में रहते हैं और यहां उनके पिता का किराना का व्यवसाय है। पढ़ाई-लिखाई में होशियार संध्या ने दसवीं की परीक्षा में भी 86 फीसदी अंकों के साथ सफलता हासिल की थी। संध्या के डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने के लिए माता-पिता ने सुकमा में संचालित आरोहण संस्थान में कोचिंग के लिए भेजा। संध्या ने यहां बारहवीं की पढ़ाई के साथ ही नीट की तैयारी भी की है। अच्छी पढ़ाई का परिणाम यह निकला कि उसने बारहवीं की परीक्षा में 85.20 फीसदी अंकों के साथ जिले में टॉप किया।

### देवभोग क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी राजेश पांडेय का निधन

**गरियाबंद/देवभोग ।** देवभोग क्षेत्र के जाने माने वरिष्ठ नागरिक एवं समाज सेवी राजेश पांडेय जी का निधन हो गया है। पिछले कुछ समय से उन्हें शारीरिक स्वास्थ्य गत समस्या थी। देवभोग क्षेत्र में पंडित श्याम शंकर मिश्र महाविद्यालय के लिए उन्होंने जमीन दान की थी। वर्तमान में देवभोग में शासकीय महाविद्यालय का संचालन उनकी ही दान की गई जमीन पर हो रहा है। स्व. राजेश पांडेय का नाम देवभोग क्षेत्र में समाज सेवा के लिए अग्रणी रहा है।

## टाईगर रिजर्व क्षेत्र के जंगल से दुर्लभ वन्य जीव पेंगोलियन का अंतर्राज्यीय तस्कर को मैनपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गरियाबंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने मैनपुर में पत्रकारो से चर्चा करते हुए कहा तस्करो के खिलाफ लगातार पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी**

**उंदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के क्षेत्र में न तो वन्य प्राणी सुरक्षित है और न ही जंगल**





**मैनपुर ब्यूरो।** मैनपुर पुलिस को एक बार फिर बडी सफलता हाथ लगी है मैनपुर पुलिस ने उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के बफर जोन एरिया कुल्हाडीघाट वन परिक्षेत्र से काफी दुर्लभ प्रजाति के वन्य जीव पेंगोलियन की तस्करी करते ओडिसा के एक अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार किया है और आरोपी पीताम्बर कटा पिता शंकर कटा उम्र 28 वर्ष ग्राम घुचागुडा, वार्ड क्रमांक 06 थाना सीनापाली जिला नुवापाडा, ओडिसा के खिलाफ अपराध क्रमांक 43/20 धारा 9, 20, 39 (1)(क) 50(क) 51 वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांण्ड पर जेला भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार 26 जून दिन शुक्रवार को गरियाबंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल को मुखबीर से मिली सूचना पर मैनपुर एसडीओपी पुलिस रूपेश कुमार डांडे एंव थाना प्रभारी भूषण चन्द्राकर के नेतृत्व में एक टीम गठित कर कार्यवाही करने का दिशा निर्देश दिया गया, पुलिस अधीक्षक से मिले निर्देश के बाद थाना प्रभारी मैनपुर भूषण चन्द्राकर द्वारा पुलिस टीम बनाकर मिली सूचना के आधार पर देर शाम कुल्हाडीघाट थाना कैम्प के कुछ दुरी पर एक व्यक्ति जो सफेद टी सर्ट, काटा फुलपेंट पहने एक जुट के बोरे में सालखपरी अति दुर्लभ प्रजाति के वन्य प्राणी पेंगोलियन को बोरे में छिपाकर रखा था और बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था उक्त व्यक्ति को पुलिस टीम द्वारा पुछताछ करने एंव तालाशी करने पर एक जुट के बोरे में रखे अवैध रूप से जिंदा सालखपरी पेंगोलियन को बरामद किया गया जो लगभग 11 किलो की बताई जा रही है, उस व्यक्ति के नाम पता पुछने पर पीताम्बर कटा पिता शंकर कटा उम्र 28 वर्ष ग्राम घुचागुडा, वार्ड क्रमांक 06 थाना सीनापाली जिला नुवापाडा, ओडिसा निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर मैनपुर थाना लाया गया, इस कार्यवाही में पुलिस थाना मैनपुर से एसडीओपी पुलिस रूपेश कुमार डांडे, थाना प्रभारी भूषण चन्द्राकर, विजय मिश्रा, माधव साहू, लव ध्रुव, पुरूषोत्तम डाहटे, प्रकाश यादव, भारत नेताम, अजय सिंह राजपूत, सुरेश निषाद व स्थानीय पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा गरियाबंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा मैनपुर पुलिस की इस कार्यवाही पर पेंगोलियन को जिंदा बरामद किए जाने पर 5000 हजार रूपये का पुस्कार दिया गया है, गरियाबंद पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के गरियाबंद में पदस्थाना के साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को अवैध रूप से गांजा, शराब, हीरा तस्करो के विरूद्द कार्यवाही करने के दिए निर्देश के परिपालन में लगातार कार्यवाही की जा रही है जिससे तस्करो में और अवैध कार्य करने वालो में हडकम्प मची हुई है, उसी क्रम में पिछले दिनो तेन्दुए की खाल और महासमुन्द पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही में पेंगोलियन की तस्कर के बाद आज मैनपुर पुलिस द्वारा फिर एक बार दुर्लभ वन्य जीव पेंगोलियन को अंतर्राज्यीय तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। **अवैध तस्करी करने वालो के उपर पुलिस की है नजर - भोजराम पटेल**

मैनपुर में आज पत्रकारो से चर्चा करते हुए गरियाबंद पुलिस अधीक्षक ने कहा गरियाबंद जिले के पुलिस लगातार विश्वास ,विकास और सुरक्षा के लिए कार्य कर रही है यह जिला काफी महत्वपूर्ण जिला है, यह घने जंगलो व टाईगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण यहा अनेक प्रकार के दुर्लभ वन्य जीव पाए जाते है और इन वन्य जीवों की तस्करी के लिए तस्कर सक्रिय रहते है,लेकिन लगातार पुलिस की सक्रियता के चलते उनके मनसूबे कभी पुरे नही होंगे श्री पटेल ने बताया गरियाबंद पुलिस द्वारा बीते कुछ माह में जिलेभर के भीतर 185 नग हीरा की अवैध तस्करी करते तस्करो को गिरफ्तार किया गया है, लगभग 1700 लीटर अवैध शराब, 175 किलो गांजा जब्त किया गया है। श्री पटेल ने कहा जिले के अंदर हो रहे अवैध गांजा ,हीरा, वन्य जीव शराब सट्टा जुआ के साथ ही अन्य अपराधिक गतिविधियों को कटाई के साथ अंकुश लगाऐंगे किसी भी आरोपी को बख्सा नही जाऐगा जिसके उन्होने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशत कर दिया है कि वे अपराधो पर कडी से कडी कार्यवाही करे। उन्होने आगे बताया आज बरामद किए गए वन्य जीव पेंगोलियन के तस्कर से एक मोबाईल भी जब्त किया गया है और उसमें नम्बर खंगाले जा रहे है और भी आरोपियों पर जल्द शिंकजे कसे जाऐंगे ।

**पेंगोलियन साल खपरी के रूप में जादू टोना और कई दवा बनाने के लिए किया जाता है तस्करी**

विभिन्न सुत्रो से मिली जानकारी के अनुसार पेंगोलियन का उपयोग दवा और जादू टोना में किया जाता है बताया जाता है पेंगोलियन के खाल जंहा एक ओर तंत्र मंत्र करने वालो के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जाता है तो शरीर के विभिन्न रोगो के ईलाज के लिए इसका उपयोग करते है ऐसा अंधविश्वास के चलते लगातार पेंगोलियन की शिकार की घटनाए पिछले कुछ वर्षो में बढी है और इसे डायनासोर प्रजाति का माना जाता है काफी वजनीय और मजबूत खाल होता है यह रात को विचरण करने वाला प्राणी है साथ ही इसके आहार दीमक बताऐ जाते है, पिछले कुछ वर्षो में मैनपुर पुलिस ने और भी पेंगोलियन के खाल और जिंदा पेंगोलियन के तस्करो को पकडकर सलाखो के पीछे भेजने में सफलता हासिल की है।

## *21वीं सदी में भी अंधेरों में जिंदगी काटना दिव्यांग की बन गई मजबूरी



**मैनपुर** - वैसे तो छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा जहां पर बिजली नहीं पहुंच पाती ऐसे सुदूर अंचलों के गांवो,पारा टोला में भी सौर ऊर्जा होमलाइट के माध्यम से बिजली पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।और उस दिशा में कार्य भी दिखता है। उसके बावजूद भी जमीनी स्तर के कर्मचारियों द्वारा सही ढंग से

देखरेख और सुधार प्रक्रिया में तेजी नहीं लाने के कारण सौर ऊर्जा होम लाइट महीनों से जलना बंद हो गये है।और मोहल्ले वासियों ने अंधेरों में रहकर अपने परिवार के साथ जिंदगी काटने मजबूर हैं। बरसात के पूर्व विभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन व आदेश के परिपालन करते हुए जहां के सौर ऊर्जा होम लाइट बिगड़ा हुआ है।उसे मरम्मत किए होते तो गरीब, मजदूर परिवार अपने बाल बच्चों के साथ बरसात के दिनों में भी विषैले सर्प,

बिच्छू, चींटी, जंगली जानवरों से निर्भीक होकर सुकून की जिंदगी जीते।लेकिन अंधेरों में रहने वाले लोग ही जानते हैं कितने परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एक गरीब परिवार विकासखंड मैनपुर (राजापड़ाव) क्षेत्र ग्राम पंचायत अड़गड़ी के आश्रित ग्राम जरहीडीह निवासी दिव्यांग कातिक राम नेताम ने अपना परेशानी बताएं,कि हमारे पारा के चार घर के सौर ऊर्जा होम लाइट रात्रि में नहीं जलता है। जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चों को अंधेरों में हिफाजत करना बड़ी परेशानी होती है।विषैले सर्प,बिच्छू का डर हमेशा बना रहता है। कई बार सौर ऊर्जा विभाग के स्थानीय कर्मचारियों को सौर ऊर्जा होम लाइट के मरम्मत के लिए कहा गया लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी सुधार नहीं किए जाने से अंधेरों में रहते हुए हम लोग जिंदगी गुजार रहे हैं। दिव्यांग कातिक राम नेताम ने सौर ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से बिगड़े हुए होम लाइट के मरम्मत कराने की मांग किया है।

## पांच दिन से लापता सचिन का अब तक कोई सुराग नही

**बैकुंठपुर ब्यूरो।** बीते पांच दिनों से लापता युवक सचिन द्ववेदी का अब तक कोई पता नहीं चला है। युवक बैकुंठपुर के भाड़ी का रहने वाला है। जो बीते 22 जून से घर मे बिना बताये कहीं चला गया।सचिन की तलाश में परिजन इधर उधर भटक रहे है लेकिन अभी तक कुछ भी पता नही चल सका है। युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट सिटी कोतवाली बैकुण्ठपुर में भी दर्ज करवाई गई है परंतु अभी तक पुलिस को भी युवक के बारे में कोई ठोस जानकारी नही मिल पाई है।युवक के अचानक लापता होने से उसके परिवार जन काफी परेशान है,वहीं लापता सचिन के पता बताने वाले को उचित ईनाम की घोषणा परिवार जनों द्वारा की गई है। आपको बता दे कि कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के भाड़ी निवासी लापता सचिन जो कि बैकुंठपुर फव्वारा चौक स्थित फल एवं पान दुकान संचालक कौशल महराज के भतीजे व जयप्रकाश द्ववेदी(दादू)के सगे भाई है जो की घर मे किसी को कुछ बताये कही चला गया है,जिसका अब तक कुछ भी पता नही चल सका है।



## कलेक्टर ने किया खड़गवां विकासखण्ड का दौरा



**बैकुंठपुर ब्यूरो।** कलेक्टर श्री एस.एन.राठौर ने अपने भ्रमण के दौरान खड़गवां विकासखण्ड का दौरा कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, उद्यानिकी, वन विभाग, मत्स्य विभाग सहित कई विभागों द्वारा की जा रही कार्यों का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देषित किया। उन्होंने ग्राम पंचायत बंजारीडांड में बैंक सखी के माध्यम से मनरेगा श्रमिकों के मजदूरी भुगतान का अवलोकन किया। स्वयं सहायता समूह के द्वारा वन उपज संग्रहण केंद्र में वन से संग्रह किये गये वनोपजों का अवलोकन किया तथा विक्रय हेतु समर्थन मूल्य की सूची अंकित करने के निर्देष दिये । ग्राम में निर्मित अटल बाजार के 5 दुकानों को पंचायत के माध्यम से नीलाम कराने संबंधितों को निर्देष दिये । उन्होंने हाईस्कूल बंजारीडांड के बाउंड्रीवाल कार्य को षीघ्र पूरा करने तथा स्कूल का गेट मेन रोड की ओर बनाने कहा। उन्होंने स्कूल में फलदार पौधों का रोपण करने के भी निर्देष दिये। उन्होंने बंजारीडांड के फारेस्ट नर्सरी का अवलोकन करते हुए पर्याप्त मात्रा में आम, कटहल, जामुन, अमरूद के साथ अन्य फलदार एवं छायादार पौधे तैयार करने के निर्देष दिये गये। उन्होंने कहा कि जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में उद्यान विभाग का नर्सरी होना चाहिए। उन्होंने ग्राम पंचायत दुबछोला में ग्राम पंचायत को 14 वां वित्त व मनरेगा से बाउंड्रीवाल का तकनीकी प्राक्कलन बनाकर स्वीकृति के लिए भेजने हेतु निर्देषित किया, साथ ही ग्राम पंचायत में बने लोक सेवकों के विवरण में उपस्थिति दिन का दीवाल लेखन व पंचायत भवन में कारपेट फर्स को ठीक करने हेतु निर्देष दिये । बाजार षेड चबुतरा निर्माण कार्य प्रोफाइल सीट के साथ कराने हेतु निर्देषित किया । निरीक्षण के दौरान कलेक्टर द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत नरवा डीपीआर के तहत पुसौर नाला भाग 1 में बने स्टाप डेम में गाद सफाई, बोल्डर चेक डेम व ब्रसवुड का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती तुलिका प्रजापति, एसडीएम श्री पी व्ही खेस, तहसीलदार खडगवां श्री अषोक सिंह, जनपद पंचायत खडगवां के सीईओ श्री अग्निहोत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## एनएसयूआई ने फुका अजय चंद्राकर का पुतला

**अंबिकापुर।** अंबिकापुर में एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा व आदित्य भगत के आवाहन पर एनएसयूआई के प्रदेश सचिव नीतीश ताम्रकार, अनुराग सिंह व कार्यकर्ताओ द्वारा अजय चंद्राकर का पुतला दहन किया गया, विधायक अजय चंद्राकर द्वारा छत्तीसगढ़ के राजकीय चिन्ह को गोबर से तुलना एक छोटी व तुच्ची सोच पूरे भाजपा के छोटी सोच को दर्शाती है। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव नीतीश ताम्रकार ने बताया कि अजय चंद्राकर जी ने छत्तीसगढ़ के प्रतीक चिन्ह को गोबर से तुलना किया है जिससे छत्तीसगढ़ की जनता को आहत पहुंचा है यह अजय चंद्राकर व भाजपा की गोबर दिमाग को दर्शाता है व छत्तीसगढ़ के राजकीय चिन्ह का अपमान प्रतीत होता है, पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओ द्वारा जम कर नारेबाजी की। इस कार्यक्रम के दौरान मनीष दुबे, अनुराग सिंह, राहुल, अमित तिवारी, राहुल चौबे,प्रिंश, ललित सोनी, निकेत, संजय, साकेत, शौरभ, मनीष, मयंक,विकाश, अजय, प्रफुल, चन्दन, अंकित, विवेक अन्य सभी एनएसयूआई के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## खाद-बीज के उठाव के साथ फ्सल लगाने की तैयारियां जोरों पर

### किसानों को आसनी से मिल रहा है खाद-बीज

**बलरामपुर।** खरीफ की फ्सल के लिए जिला प्रशासन द्वारा जरूरी तैयारियां समय से पहले पूर्ण कर समितियों मे खाद-बीज का पर्याप्त मात्रा मे भंडारण कर लिया गया था। मानसून के दस्तक के साथ ही किसान फ्सल लगाने कि तैयारियों के दौरान खाद-बीज का उठाव करते हैं। कलेक्टर श्री श्याम धावड़े ने किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए समितियों में सरलता से खाद-बीज उपलब्ध हो इस हेतु निर्देश दिये थे, ताकि समय पर फ्सल की बुवाई हो तथा किसानों को भटकना न पड़े। जिले में 28 समितियों के माध्यम से कृषकों को खाद-बीज का वितरण किया जा रहा है। इन समितियों के माध्यम से किसानों को आसानी से खाद-बीज उपलब्ध हो रहे हैं। समितियों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक 2536.7 क्विंटल बीज एवं 9222.7 मीट्रिक टन खाद का वितरण हो चुका है। समितियों से जुड़े अधिकारियों ने जानकारी दी है कि भण्डारण मानसून के पूर्व कर लिया गया था तथा किसानों को खाद एवं बीज का वितरण समय पर किया जा रहा है। किसानों की समस्याओं को कम करने के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की समितियों में ड्यूटी लगाई गई है। सभी समितियो में धान के सर्टिफाईड बीज तथा रासायनिक उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी, एनपीके पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। खाद-बीज लेने सहकारी समिति बलरामपुर पहुंचे जतरो



निवासी भीकू सिंह के चेहरे पर बारिश के आने की खुशी साफ झलक रही थी। पूछने पर भीकू सिंह ने बताया कि आषाढ़ लग गया है धान लगाने की सारी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है। सरकार ने राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से अपने वादे को पूरा कर किसानों के हित में बड़ा फैसला लिया है। उन्होंने आगे बताया कि फ्सल लगाने के पूर्व किसानों को खाद-बीज खरीदने कि चिंता रहती थी तथा पारिवारिक खर्चों के बाद फ्सल बुवाई के समय लोन लेना पड़ता था। लेकिन राज्य शासन ने कठिन समय में किसानों का हाथ थामा है तथा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान के बोनस की राशि प्रदान कर अन्नदाताओं के दिक्कतों को दूर किया है। जिससे कृषक आसानी से समितियों के माध्यम से खाद-बीज खरीदी कर पा रहे हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया है कि धान का उचित मूल्य मिलने से कृषकों में उत्साह है जिससे धान के रकबे में वृद्धि होगी। पिछले खरीफ वर्ष में 2265 क्विंटल धान बीज भण्डारण की तुलना में इस वर्ष 3634.5 क्विंटल बीज का भण्डारण तथा 12049.3 मीट्रिक टन खाद का भण्डारण किया गया है। वहीं वितरण की बात करें तो अब तक कृषकों को 2536.7 क्विंटल धान बीज तथा 9222.7 रासायनिक खाद का वितरण किया जा चुका है। समितियों में मांग अनुसार खाद-बीज का भण्डारण किया जाता है तथा मांग बढ़ने से कृषकों को खाद-बीज उपलब्ध करवाया जाएगा। पिछले वर्ष तुलना में इस की बढ़ी हुई मांग को देखते अधिक भण्डारण किया गया था।

## डीजल और पेट्रोल में भारी वृद्धि से आम जनता परेशान केन्द्र सरकार कीमत को तर्क संगत बनाये या वापस लें- जनपद उपाध्यक्ष सहित किसानो ने मांग की





**पाण्डुका/नवापारा राजिम- सीजी वॉच ब्युरो** -देश प्रदेश और अंचल में कोरोना वायरस की कहर से आम लोगो की स्थिति वैसे भी खराब है दो महिने से जादा लॉकडाउन में रहना पड़ा उसके पश्चात लॉकडाउन शिथिल किया गया काम धंधे , व्यापार और कृषि कार्य सभी चीजो को लॉकडउन ने प्रभावित किया जैसे इस वर्ष सब्जी की खेती करने वालो किसानो की कमर कोरोना वायरस प्रकोप के चलते टूट गई मंडीया लम्बे समय तक बंदरही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है एक पखवाड़े से जादा हो गया पेट्रोल और डीजल के दामो में लगातार वृद्धि हो रही है इस बारे में सीजी वॉच ब्युरो प्रमुख से छूरा जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष गौरव मिश्रा ने कहा कि अर्तराष्ट्रीय बाजार में जहा कच्चे तेल की कीमत लगातार गिर रही है वही यह बात समझ से परे है कि केन्द्र की भाजपा सरकार लगातार कीमतो में वृद्धि कर रही है। डीजल की कीमतो में वृद्धि का मतलब है सीधा बाजार में आग लगा देना क्योकि खाने पीने राशन का सामान ,दवा ,फ्ल , सब्जी जितनी भी आम जरूरत की चीजे रहती है सभी का परिवहन अधिकांश सड़क मार्गो से होता है जिसका प्रभाव आम जनता किसान सब पर पड़ रहा है अत: मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि डीजल और प्रट्रोल के दामो में वृद्धि को वापस ले और आम जनता और किसानो को मंहगाई के चक्की में पीसने के बजाय इन्हे राहत पहुचाये । वही राजिम भक्तिन मंदिर के कार्यकारी अध्यक्ष और समाज सेवी साहू समाज के पाण्डुका परिक्षेत्र के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू पचपेड़ी वाले ने कहा कि बहुत की आश्चर्य और दुख की बात है केन्द्र सरकार केवल बातो का पुलिंदा बांधती है इस भीषण संकट के दौर में सामान्य आदमी और किसानो को राहत देने के बजाये पेट्रोल और डीजल में वृद्धि करके ऐसा दंड दे रही है जिसके बारे में कह पाना मुश्किल हो रहा है खरीफ फ्सल का समय है देश के सारे किसान खेती किसानी में लग गये है और खेती किसानी के अब लगभग सारे कार्य ट्रैक्टर और अन्य मशीनो से होता है जिसमें डीजल की ही प्रयोग होता है और इसकी आसमान छूती कीमतो ने किसानो को हमाश कर दिया है मैं स्वंय पूरी तरह कृषि पर निर्भर हूं और डीजल के दाम बढ़ने से बेहद पेरशान हूं कृषि लागत हर साल 25 से 40 प्रतिशत बढ़ती जा रही है जिसमें डीजल , मजदूर , बीज , कीटनाशक , जोताई बुआई को अगर लिया जाये तो किसान की मजदूरी भी नही निकलती हमारे देश के प्रधान मंत्री अपनी मन की बात हो या अन्य विषय वस्तु हमेशा गांव गरीब और किसान की बात करते है लेकिन अब सब मिथ्या लग रहा है। अत: मैं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मांग करता हूं कि डीजल और पेट्रोल की कीमत को तर्क संगत बनाते हुये कम करे डीजल और पेट्रोल की कीमत कम करने की मांग करने वालो में- कृषि दवा एंव खाद व्यापारी एंव कृषक त्रिवेणी साहू रजनकटा ,चन्दूलाल साहू कृषक सरकड़ा , भुनेश्वर निषाद , तीजू निषाद , तीजउ निषाद सरकड़ा , पतिराम कश्यप कुटेना , सहित अंचल के किसानो ने केन्द्र सरकार से मांग की है।








# स्लम पट्टों का वर्तमान आधिपत्य के आधार पर नवीनीकरण, मालिकाना हक

**19 नवम्बर 2018 के पूर्व निवासरत भूमिहीन परिवारों को भी पट्टा**

- नगरीय क्षेत्रों में भूमिहीन व्यक्ति अधिनियम 1984 में संशोधन के माध्यम से पट्टों से संबंधित सारी समस्याओं का निदान, कब्जाधारी पात्र हितग्राही ले सकते हैं, नए प्रावधानों का लाभ
- **भूस्वामी अधिकार और वैध पट्टों के लिए आप कर सकते हैं आवेदन -**
  - पूर्व से प्रदत्त पट्टों के अंतरण होंगे विधिमान्य, मिलेगा भूमि स्वामी अधिकार
  - अवैध/अनियमित हस्तांतरण/भूमि प्रयोजन में परिवर्तन पर नियमानुसार भूमि स्वामी अधिकार
  - कालातीत पट्टों का 30 वर्षो हेतु नवीनीकरण, पट्टाघृति अधिकारों का भूमिस्वामी हक में परिवर्तन
  - अतिरिक्त कब्जे का भी नियमितीकरण



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक- रामअवतार तिवारी द्वारा रेलवे क्रासिंग के पास सिटी सेंटर के सामने न्यू बस स्टैण्ड पंडरी, रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित एवं मुद्रित। डाक पंजीयन-छ.ग./रायपुर संभाग/42/2015/17, RNI NO.-Chhhin/2005/15146 Ph : 0771-4048837 Email- cgwatchraipur@gmail.com